दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



धनुष की फिल्म 'ओम' से उठा | प्रेग्नेंसी में 'देवी' और बाद में मोटी

वर्ष : 12 | अंक : 178 | लखनऊ, 22 जून, सोमवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## योग भारत की विरासत, स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ राष्ट्र का आधार

### 21 जून केवल एक दिन नहीं, जीवन का संदेश

अमन लेखनी समाचार/झांसी

मुख्यमंत्री विश्व योग दिवस के अवसर पर झांसी में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कहा कि योग केवल 21 जून तक सीमित नहीं होना चाहिए। इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा। स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ राष्ट्र का आधार है। भारतीय ऋषि परंपरा ने जो भी पर्व और उत्सव निर्धारित किए, उनके पीछे प्रकृति के साथ सामंजस्य का भाव रहा है। हमारी संस्कृति का उद्देश्य प्रकृति के साथ रहकर जीवन को संतुलित बनाना है।'योग फॉर हेल्दी एजिंग' (स्वस्थ आयु के लिए योग) थीम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में सीएम योगी ने आयुष विभाग की आयुष ई-पत्रिका का विमोचन भी किया।



### सैकड़ों लोगों के बीच डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और



लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी भी शामिल हुए। सुबह की ताजी हवा और रेजिडेंसी के ऐतिहासिक वातावरण के बीच सैकड़ों लोगों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। योग दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लोगों को संबोधित करते हुए योग को स्वस्थ जीवन की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि योग मन और शरीर दोनों को स्वस्थ रखने का माध्यम हैं।



### योग से बनेगा स्वस्थ भारत, पीएम मोदी के प्रयासों ने दुनिया में बढ़ाया भारत का मान

प्रयागराज। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रयागराज के पावन त्रिवेणी संगम तट पर आयोजित भव्य योग शिविर में यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने हजारों लोगों के साथ योगाभ्यास किया और योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए इसे दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

### पाटलिपुत्र खेल परिसर में सीएम सम्राट समेत कई दिग्गजों ने किया योगाभ्यास

पटना। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को राजधानी पटना में कई स्थानों पर सामूहिक योग शिविरों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में आम नागरिकों से लेकर जनप्रतिनिधियों और विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।योग के अलग-अलग आसानों का अभ्यास किया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित राज्यस्तरीय योग कार्यक्रम में शामिल होकर योगाभ्यास किया। इस दौरान उनके साथ उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, रामनाथ ठाकुर, मंत्री निशांत कुमार, पूर्व मंत्री



मंगल पांडेय, पटना की महापौर सीता साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए योग को स्वस्थ जीवन की आधारशिला बताया।

---

### खबर संक्षेप

#### पीएलएफआई कमांडर मुठभेड़ में हुआ घायल



खूंटी। झारखंड के खूंटी से पुलिस और प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के बीच मुठभेड़ की खबर आई है। मुठभेड़ में सक्रिय कमांडर श्रवण दास जख्मी हो गया है। गोलीबारी में उसके पैर में गोली लगी है। घायल दास को पुलिस ने फौरन इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया है। यह मुठभेड़ कर्रा और जरियागढ़ थाना की सीमा से सटे जंगलों में हुई है।

#### पटना में गंगा नहाते 3 बच्चों की दर्दनाक मौत

पटना। गंगा नदी में स्नान के दौरान



3 किशोरों की डूबकर मौत हो गई। 5 बच्चे डूबे थे जिनमें से दो बच्चों को लोगों ने जिंदा निकाल लिया। घटना दानापुर इलाके की है। तीनों बच्चों के परिजनों को सरकारी मुआवजा देने की मांग की गई है। पुलिस ने तीनों लड़कों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सीएम योगी ने महोबा में 88 विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास, कहा-

# दूषित मन और मलिन आत्मा वालों ने बुंदेलखंड को किया था बदनाम

*चंदेल राजाओं ने जल संरक्षण के लिए तालाब खोदकर लोक कल्याण कार्यक्रम को बढ़ाया*

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/महोबा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महोबा में कहा कि जो लोग अवैध कब्जा करते हैं, नकारात्मक बुद्धि के साथ नकारात्मकता पैदा करते हैं। उनकी आत्मा मलिन और मन दूषित है। बीमार मानसिकता के साथ काम करने वाले ऐसे लोगों ने प्रदेश को डुबोया और बुंदेलखंड को बदनाम किया था। सीएम ने मोदी ग्राम में 697 करोड़ से अधिक की लागत से 88 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। यहां महोबा के विकास को समर्पित लघु फिल्म भी दिखाई गई।

### पर्यटन स्थल के नए केंद्र के रूप में स्थापित हुआ गोरखगिरि



सीएम ने गुरु गोरखनाथ की साधना स्थली महोबा की आध्यात्मिकता, ऐतिहासिकता, वीरता पर प्रकाश डाला। कहा कि 12-13 वर्ष बाद गोरखगिरि पर्वत पर ऊपर जा पाया। वहां भोलेनाथ से प्रार्थना की, फिर बाबा गोरखनाथ की साधना स्थली (गुफा व मंदिर) में दर्शन किया। गोरखगिरि पर्यटन स्थल के नए केंद्र के रूप में स्थापित हुआ। सीएम ने इस पहल, सहयोग व योगदान के लिए विधायक राकेश गोस्वामी, पूर्व सांसद पुष्पेंद्र चंदेल समेत स्थानीय पदाधिकारियों

### गोरखगिरि एडवेंचर टूरिज्म के केंद्र के रूप में होगा विकसित

सीएम ने कहा कि गोरखगिरि में रोपवे लगाएंगे और इसे एडवेंचर टूरिज्म के केंद्र के रूप में विकसित करेंगे। सीएम ने महोबा महोत्सव से पहले इस पहाड़ी पर चढ़ने के लिए एक सप्ताह तक स्थानीय, जनपद, बुंदेलखंड, राज्य, राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित करने और यहां रेस्तरां, होटल आदि खोलने की संभावनाओं को बढ़ाने पर जोर

### यहां की धरती व युवाओं में गजब की ऊर्जा

सीएम ने कहा कि यहां की धरती व युवाओं में गजब की ऊर्जा है। निवेश के लिए औद्योगिक कलस्टर विकसित करने की कार्रवाई को बढ़ाया गया है। कबरई बांध के लिए जिन किसानों ने जमीन दी थी, उन्हें वर्षों से भूमि का पैसा नहीं मिला था। किसान का शोषण करने वालों पर सरकार कार्रवाई करती है।

### कहीं और नहीं मिलता दशावरी पान जैसा स्वाद

सीएम ने कहा कि महोबा कभी महोत्सव के लिए प्रसिद्ध था। यहां से निकलने वाले ग्रेनाइट पत्थर से केवल टाइल्स या मकान ही नहीं बनते बल्कि यह देश के नवनिर्माण में यह भूमि योगदान देती है। यह भूमि सिर्फ वीर-वीरांगनाओं को ही नहीं गढ़ती, बल्कि राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका का भी निर्माण करती है। चंदेल राजाओं ने जल संरक्षण के लिए तालाब खोदकर इस भूमि पर लोक कल्याण कार्यक्रम को बढ़ाया। हमारी सरकार ने यहां के दशावरी पान को जियो टैग के साथ वैश्विक मान्यता दिलाई है। माटी का प्रभाव है कि यहां पैदा होने वाले इस पान का स्वाद कहीं और नहीं मिलता। सीएम ने कहा कि दशकों पहले बनी अर्जुन सहायक परियोजना पूरी नहीं हो पाई। हमारी सरकार ने इसे मिशन मोड पर लेकर इसे पूरा कराया और 2021 में परियोजना के लोकार्पण में पीएम मोदी को बुलाया। इससे महोबा और बांदा के हजारों हेक्टेयर लैंड को सिंचाई की सुविधा मिली। किसानों को सम्मान मिला और उनके जमीन की कीमत बढ़ी, जिससे अन्नदाता खुशहाल हैं।

### पार्टी संविधान में बदलाव का मिला अधिकार

## नीतीश कुमार के जेडीयू राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर फिर लगी मुहर

अमन लेखनी समाचार/पटना



जेडीयू के राष्ट्रीय और परिषद की बैठक पटना स्थित प्रदेश मुख्यालय के कर्पूरी सभागार में हुई। बैठक में नीतीश कुमार को चौथी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष की कमान पर मुहर लगाई गई। इसके साथ ही उन्हें संगठन में बड़ा पावर दिया गया। नीतीश कुमार को पार्टी के संविधान में आवश्यकता पड़ने पर उचित संशोधन के लिए अधिकृत कर दिया गया। नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य की एनडीए सरकार के कामकाज की जमकर तारीफ की। बैठक में पहुंचे नीतीश कुमार का पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। जदयू नेताओं ने उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। निशांत कुमार ने पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया।

### 7 निश्चय पार्ट- 3 को जमीन पर उतार रही सम्राट सरकार

बैठक के बाद जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन सिंह ने मीडिया को बताया कि सम्राट चौधरी की सरकार नीतीश कुमार द्वारा लाए गए सात निश्चय पार्ट- 3 की योजनाओं को जमीन पर उतार रही है। इससे पूर्व सीएम बहुत प्रसन्न हैं। उन्होंने एनडीए सरकार को इसके लिए बधाई दी। कहा कि बिहार के विकास कार्य के लिए केंद्र सरकार की ओर से काफी मदद मिल रही है।

### चार प्रस्तावों पर चर्चा

राजीव रंजन सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय परिषद की बैठक में चार प्रस्तावों पर विचार हुआ और इसे परित किया गया। बैठक में ईरान और अमेरिका के बीच संघर्ष पर लग रहे विराम पर प्रसन्नता व्यक्त किया गया। जदयू के एक करोड़ से अधिक सदस्य संख्या पर सभी नेताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की।

---

#### भीषण गर्मी के चलते फ्रांस में शराब बंद


पेरिस। यूरोप के कुछ हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी से निपटने के लिए



फ्रांस ने सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने पर रोक लगा रहा है और कुछ आउटडोर स्पोर्ट्स इवेंट्स रद्द कर रहा है। रविवार को फ्रांस का लगभग एक-तिहाई हिस्सा राष्ट्रीय मौसम सेवा के 'हीट रेड अलर्ट' के दायरे में है और पूरे देश में तापमान बहुत अधिक है।

#### रूस से प्रतिदिन 26.6 लाख बैरल तेल खरीदा

नई दिल्ली। भारत ने जून में रूस और संयुक्त अरब अमीरात से



कच्चे तेल की खरीद बढ़ा दी है। आपूर्ति पूरी तरह बहाल होने से पहले अपना ऑयल स्टोरेज सुरक्षित करने की रणनीति अपनाई। आंकड़ों के मुताबिक, जून में 19 तारीख तक भारत ने रूस से औसतन 26.6 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल का आयात किया।

## भारतीय नौसेना हुई और अधिक शक्तिशाली: दूनागिरी, संशोधक और अग्रे जहाज बेड़े में शामिल

# पीएम मोदी ने भारतीय नौसेना को सौंपे 3 आधुनिक युद्धपोत और बोले-शांति के लिए सामर्थ्य होना जरूरी

**किसी के पास अत्याधुनिक हथियार है तो किसी के पास मैपिंग की जबरदस्त क्षमता**

**पीएम ने कहा-भारत रक्षा उपकरणों का आयातक बनने के बजाय निर्माता बनेगा**



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

यहां आयोजित एक ऐतिहासिक त्रि-कमीशनिंग समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की समुद्री ताकत को नई धार दी। शांति के लिए सामर्थ्य जरूरी है के मूल मंत्र के साथ पीएम मोदी ने रविवार को तीन स्वदेशी नौसैनिक युद्धपोतों अग्रय, आईएनएस दुनागिरी और आईएनएस संशोधक को राष्ट्र को समर्पित किया।

### सुरक्षित भारत निर्माण के लिए आत्मनिर्भर जरुरी

इस अवसर पर उन्होंने स्पष्ट किया कि एक विकसित और सुरक्षित भारत के निर्माण के लिए आत्मनिर्भर समुद्री शक्ति का होना अनिवार्य है। समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये युद्धपोत केवल सैन्य साजो-सामान नहीं, बल्कि भारत की इंजीनियरिंग विशेषज्ञता, औद्योगिक क्षमता और कुशल कार्यबल का जीता-जागता प्रतीक हैं। पीएम मोदी ने कहा कि कोई देश तभी शक्तिशाली होता है जब वह आत्मनिर्भर हो। पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि जब भारत रक्षा उपकरणों का आयातक बनने के बजाय निर्माता बनेगा, तभी वैश्विक मंच पर नीतिगत निर्णय लेने की क्षमता हासिल करेगा।

### ऊर्जा संसाधन पूरी तरह समुद्रों पर निर्भर

स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत से शुरू हुआ यह सफर अब इन तीन नए युद्धपोतों के शामिल होने से और मजबूत हो गया है। महासागरों के रणनीतिक और आर्थिक महत्व को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक व्यापार, डेटा कनेक्टिविटी, महत्वपूर्ण खनिज और ऊर्जा संसाधन पूरी तरह समुद्रों पर निर्भर हैं। बल्कि यह इस्पात, इलेक्ट्रॉनिक्स और मशीनरी जैसे उद्योगों से जुड़ा एक विशाल इकोसिस्टम तैयार करता है।

### 200 उद्यमियों ने दिया योगदान

*रक्षा मंत्रालय के अनुसार, तीनों जहाज पूरी तरह स्वदेशी डिजाइन और तकनीक पर आधारित हैं। इनमें 75 प्रतिशत से अधिक सामग्री भारतीय है और निर्माण में देशभर के 200 से ज्यादा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों ने योगदान दिया है। आगे बताया गया कि यह न केवल नौसेना की लड़ाकू क्षमता को बढ़ावा देगा बल्कि आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी नई गति प्रदान करेगा।*

### 1 संशोधक: गहराई मापने में माहिर



आईएनएस संशोधक 'सर्वेक्षण पोत लार्ज' श्रेणी का अत्याधुनिक पोत है। इसका मुख्य कार्य समुद्र की गहराई, समुद्री तल की संरचना, नौवहन मार्गों और धाराओं का विस्तृत सर्वेक्षण करना है। रिमोट ऑपरेटेड वाहन और मल्टी-बीम इको साउंडर जैसी विश्वस्तरीय प्रणालियां लगी हैं।

### 2 अग्रे: तटीय सुरक्षा का बड़ा प्रहरी



अर्नाला श्रेणी का आईएनएस अग्रे एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट है। यह विशेष रूप से उथले तटीय जलक्षेत्रों, बंदरगाहों और महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और उन्नत सोनार सिस्टम लगे हैं।

### 3 दूनागिरि: खतरनाक, ब्रह्मोस से लैस



प्रोजेक्ट 17ए के तहत निर्मित आईएनएस दूनागिरी नई पीढ़ी का स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट है। यह जहाज अपनी उन्नत स्टील्थ तकनीक के कारण रडार और अन्य सेंसरों से मुश्किल से पता चलता है। इसमें ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइलें, मध्यम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली, रडार, उन्नत सोनार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली समेत अत्याधुनिक हथियार लगे हैं।

# मोहर्रम: बाजारों में रौनक, चांदी की जरी बनी आकर्षण का केन्द्र





**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ।** हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत को याद करने के लिए अजादार अपने घरों में अजाखानों को सजाने में व्यस्त हैं। इसके लिए जरीह, ताबूत, अलम और झूला जैसे सामान खरीदे जा रहे हैं। कोई चांदी की आकर्षक जरीह और ताबूत बनवा रहा है, तो कोई अलम को सजा रहा है। चौक, दरगाह हजरत अब्बास रोड और अकबरी गेट के बाजारों में खरीदारी का उत्साह है। अजादार इन बाजारों से सामान खरीदकर देश-विदेश तक ले जा रहे हैं। चौक की मेहदी एंड संस ज्वेलर्स पर ऑर्डर पर तैयार की गई दो किलो चांदी की जरीह अपनी खूबसूरती से सबका ध्यान खींच रही है। इसमें ईरानी शैली की बारीक नक्काशी की गई है। यह जरीह लगभग दो फीट ऊंची और एक फीट चौड़ी है, जिसमें एक बड़ा गुम्बद, आठ छोटे गुम्बद और आठ मीनारें बनी हैं। जरीह के चारों ओर छोटे-बड़े दरवाजे भी बनाए गए हैं, जिन्हें चांदी की चेन और हरे-लाल नगों से सजाया गया है। इसकी कीमत करीब 2 लाख 70 हजार रुपये है। ज्वेलर रजी हसन ने बताया कि इसके अलावा चांदी के झूले, अलम और ताज भी तैयार किए गए हैं। अजादार अली हसन ने इमामबाड़े के लिए 260 ग्राम चांदी का पंजा बनवाया है जिसकी कीमत लगभग 40 हजार रुपये है। इस पंजे पर बारीक नक्काशी के साथ लाल नग जड़े गए हैं। इसके साथ ही चांदी की छत्री भी लगाई गई है, जिसमें चांदी की चेन लटकाकर इसकी खूबसूरती को और बढ़ाया गया है। एक अजादार ने इमामबाड़े के लिए 500 ग्राम चांदी का ताबूत बनवाया है, जिस पर 12 इमामों के नाम सोने के पानी से लिखे गए हैं। ताबूत पर ईरानी नक्काशी और जाली का काम किया गया है, साथ ही इसमें दो चांदी के अलम भी लगाए गए हैं। बारीक नक्काशी वाला चांदी का अलम हजरत इमाम हुसैन के भाई हजरत अब्बास की याद में बनाए जाने वाले अलम भी चांदी से तैयार किए जा रहे हैं। लखनऊ के रहने वाले 15 साल के निहाल ने शहर के सबसे खूबसूरत और सबसे महंगे ताज़िए बनाकर तैयार किए हैं। इसके लिए उन्होंने चार महीने से दिन-रात कड़ी मेहनत की, जिसके बाद वह इन खूबसूरत ताजियों को तैयार कर सके हैं। खास बात यह है कि ये ताजिए दो लाख रुपए में बुक हो गए हैं।

**ये है इन ताजियों की खासियत :** निहाल लखनऊ के काजमैन इलाके में रहते हैं। निहाल ने बताया कि उन्होंने इन ताजियों को चार महीने में तैयार किया है। स्कूल में छुट्टियां हो गई थी। ऐसे में पढ़ाई का कोई दबाव भी नहीं था। उन्होंने बताया कि इन ताजियों की यूं तो कोई कीमत नहीं होती, लेकिन लोग जितने में इन्हें लेना चाहें उतने में खरीद लेते हैं। सबसे खूबसूरत ताजिए ये इस वजह से हैं, क्योंकि इन्हें बांस की लकड़ी और कागज से बनाया गया है। इन्हें बनाने में 4 महीने के 12 से 13 घंटे लगे हैं। यह काले, हरे और लाल रंग के हैं। वजन में बहुत भारी हैं। इनमें मोतियां भी लगाई गई हैं। ये हर एक आकार के हैं। इन्हें मकबरे के आकार का बनाया गया है। इसलिए यह लोगों को काफी अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।

**चांदी के ताजियों की खूब हो रही मांग:** मोहर्रम का आगाज होते ही सराफा बाजार इन दिनों साजो-सजा के सामान को लेकर गुलजार नजर आ रहा हैं. चांदी से बने ताजियों की मांग बढ़ गई है। दूरदराज से आए लोग लाखों रुपये की कीमत तक के चांदी के ताजिए बनवाते नजर आ रहे हैं बाजारों पर महंगाई और भले ही मंदी का असर बताया जा रहा हो लेकिन लखनऊ की सराफा बाजार इन दिनों मोहर्रम के साजो सामान को लेकर गुलजार नजर आ रही हैं। पुराने लखनऊ के चौक इलाके की दुकानों पर इन दिनों चांदी से बने ताजियों की मांग बढ़ गई है जो खास ऑर्डर पर लाखों रुपए की कीमत तक तैयार किए जा रहे हैं। काफी वक्त से यह काम करते चले आ रहे लखनऊ चौक बाजार के दुकानदार महंदी हसन और नकी हसन का कहना है कि बाकी सामानों पर भले ही महंगाई और मंदी का असर हो लेकिन मोहर्रम की अजादारी से संबंधित सामानों पर कोई असर नहीं दिख रहा है, लोग बड़े पैमाने पर अजादारी से जुड़े साजो सामान खरीद रहे जिसमें खास ऑर्डर पर लाखों रुपए की कीमत तक के चांदी के ताजिए व जरी भी तैयार की जा रहे हैं।

**लखनऊ में बनते हैं कागज, मोम और चांदी के ताजिए:** लखनऊ के शहादतगंज काजमैन में लगभग 100 सालों से 70 से 75 ऐसे परिवार हैं, जो ताजिया बनाने का काम करते हैं। यहां पर लोगों ने बताया कि उनके दादा परदादा कई पीढ़ी जो हैं ताजिया बनाने का काम कर रही हैं. जुलूस में शामिल होने वाले लोग ताजिया का बहुत ही सम्मान से दर्शन करते हैं. वहीं इस साल लखनऊ में कागज, लकड़ी, मोम और चांदी से विशेष ताजिए तैयार किए गए हैं।

## लखनऊ में कई पीढ़ियों से हिंदू बनाते हैं ताजिए

लखनऊ। शहर-ए-लखनऊ का गंगा जमुनी रंग इस गम में महीने में और चटक हो जाता है। हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम सहित कर्बला के 71 शहीदों की शहादत के गम में शियों की आंखों से जार-ओ-कतार आंसू निकलते हैं तो या हुसैन... या हुसैन... की सदाएं हर इलाके में गूंजने लगती हैं हैं। शियों ने कर्बला के शहीदों का गम मनाने के लिए लोग रंग-बिरंगे कपड़े उतार कर काले लिबास में नजर आते हैं। हजरत मुहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम सहित कर्बला के शहीदों के गम के ये 68 दिन हिंदू-मुस्लिम ताजिए बनाने वालों के लिए जिंदगी चलाने का काम करते हैं। 68 दिन की मेहनत करके ये 365 दिन की रोजी रोटी का इंतजाम करते हैं। कोरोना संक्रमण की मार से भले ही ये परेशान हों, लेकिन जो काम कर रहे हैं वे अपनी रोजी रोटी के इंतजाम में लगे हैं। हार-फूल, अलम के लिए फूल के सेहरे, इमामबाड़े के लिए फूलों के पटके और ताबूत के लिए फूलों की चादरों को बनाकर करीगर गम के इस महीने में लोगों का इंतजार कर रहे हैं। घरों में इमामबाड़ा सजाकर पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन अलेहिस्सलाम का ताजिए रखने का सिलसिला शुरू हो गया है। न केवल शिया व सुन्नी, बल्कि हिंदू अजादार भी अपने घरों में ताजिए सजाते थे। 10 दिनों तक घर में ताजिए सजाकर अजादार इमाम को अपने घर का मेहमान बनाते हैं। पुराने शहर में कई हिंदू परिवार है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी ताजिए बनाने का काम कर अवध की गंगा-जमुनी को परवान चढ़ा रहे हैं। आईए जानते हैं ऐसे ही कुछ हिंदू कारीगरों के बारे में, जो मुहर्रम के लिए हुसैन बाबा के तजिए बना रहे हैं। सआदतगंज के प्रमोद ने बताया कि ताजिए को इराक के शहर कर्बला में बने हजरत इमाम हुसैन अलेहिस्सलाम के असल रौजे की शबीह (कॉपी) माना जाता है। मेरी पिछली 21 पढ़ियां ताजिए बनाते आ रही हैं। 68 दिनों के इस गम के दिनों में ताजिया बनाकर पूरे साल के खाने का इंतजाम होता है। उनके दादा ने इस परंपरा को शुरू किया था, फिर पापा के बाद वह भी इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। वह आर्डर पर ताजिए बनाते हैं, जो न केवल शहर बल्कि दूर दराज के इलाकों में जाते हैं। इसी तरह हरीशचंद्र व सतोष कुमार भी वर्षों से यहीं काम कर रहे हैं। दुबग्गा के नरेश कुमार व आजाद नगर के रवि कुमार का परिवार भी दशकों से ताजिए बनाने का काम कर रहा है। इसी तरह हुसैनाबाद, मुफ्तीगंज, खदरा, सदर, बालागंज व हैदरगंज सहित कई लोगों में भी दर्जनों परिवार ताजिए बनाने का काम कर रहे हैं।

## 2000 से लेकर 50 हजार रुपये तक के ताजिए





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नवाबों और गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल लखनऊ शहर का सबसे पुराना बाजार काजमैन में रंग बिरंगे खूबसूरत ताजिए सजकर तैयार हो चुके हैं। यहां पर ताजियों की कीमत 2000 रुपये से लेकर 50 हजार रुपये तक है। पुराने लखनऊ में 100 साल पुराना बाजार है जिसे काजमैन कहते हैं।

यहां पर रंग बिरंगे खूबसूरत ताजिये सज गए हैं। इन ताजियों में आपको लकड़ी के बने चांदी और सोने की पोलिश के ताज़िए नजर आ रहे हैं जिनकी कीमत 40 हजार से लेकर 50 हजार तक है। इस बाजार में पांच फीट लंबे ताज़िए भी बिक रहे हैं, जिन्हें लोग खरीद भी रहे हैं। इन्हें तीन माह से कारीगर तैयार कर रहे थे। अब ये तैयार हैं। इनकी कीमत 8 हजार से लेकर 25 हजार रुपए तक है। सबसे महंगे ताजिए आप सामने देख रहे हैं, जिनकी कीमत 30 हजार रुपए से लेकर 35 हजार रुपए तक है। इसमें लाल और हरे रंग के ताजिए हैं, जिन्हें लकड़ी से बनाया गया है। यह काफी भारी होते हैं। लखनऊ में तीन तरह के ताजिए बिक रहे हैं। पहले मोम, दूसरा लकड़ी और चौथा कागज का। बात करें आकार की तो एक फीट से लेकर 10 फीट तक के ताज़िए मिल रहे हैं। यही है लखनऊ का सौ साल पुराना काजमैन बाजार जहां पर ताज़िए मिल रहे हैं।

**बेहद खास हैं लखनऊ के ताजिया, 350 साल पुरानी है परंपरा:** मुहर्रम के समय पर ताजिया की खूब मांग बाजारों में दिखाई देती है। यूपी में ताजिए की रिवायत 350 साल पुरानी है। यहां के बाजारों में लकड़ी से लेकर मोम की ताजिए बनाए जाते हैं। लखनऊ में 1675 में उन्मतुज्जोहरा बानो उर्फ बहू बेगम जो नवाब शुजा-उद-दौला की पत्नी थीं, उनके द्वारा लखनऊ में ताजिया रखने की परंपरा की शुरू की गई। बहु बेगम इराक स्थित करबला जियारत के लिए जाना चाहती थीं। मगर किसी कारण नहीं जा पाई। इसलिए उन्होंने ताजिया रखकर उसकी जियारत की। तभी से यह परंपरा यहां चलती आ रही है।

**सैकड़ों वर्ष पुरानी परंपरा:** लखनऊ में मुहर्रम का चांद नजर आते ही या हुसैन की सदा गूंजने लगती है. विशेष कर पुराने लखनऊ में 2 महीना 8 दिन तक मजलिस और जुलूस का दौर जारी रहता है। शिया समुदाय के लोग अपने घरों और इमामबाड़ों में ताजिया स्थापित करते हैं। लखनऊ में ताजिया की परंपरा सैकड़ों साल पुरानी है. यहां कागज, मोम, लकड़ी की ताजिए जुलूस में निकाले जाते हैं।

# राजधानी में कड़ी सुरक्षा के बीच हुई नीट परीक्षा

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) की पुनः परीक्षा के दौरान लखनऊ के विभिन्न केन्द्र पर हुई। इस बार की परिक्षा में सबसे बड़ी बात रही है कि पुलिस प्रशासन ने सख्ती ऐसा किसा था कि काई भी केन्द्र पर किसी प्रकार का हंगामा नही हुआ। अभ्यर्थियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था से गुजरना पड़ा जहां एक ओर अभ्यर्थियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था से गुजरना पड़ा, वहीं परीक्षा को लेकर उठी अफवाहों और दोबारा परीक्षा की आशंका ने छात्रों व अभिभावकों की चिंता भी बढ़ा दी। आलमबाग के गुरु नानक विद्यालय गर्ल्स इंटर कालेज समेत विभिन्न केंद्रों पर परीक्षार्थियों से कलावा, घड़ी, चेन, हिजाब, जूते-मोजे, मोबाइल फोन, नाक की कील सहित अन्य आभूषण और इलेक्ट्रानिक उपकरण बाहर रखवाए गए। नीट-यूजी 2026 की पुनः परीक्षा में भी अभ्यर्थी परेशान, लखनऊ में कई सेंटर में बदलाव से बढ़ीं सैकड़ों की मुश्किलें केंद्रों पर बायोमीट्रिक सत्यापन और सघन जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया। कई अभिभावकों ने कहा कि बार- बार परीक्षा और पेपर लीक जैसी चचाओं से बच्चों का मनोबल प्रभावित होता है। उनका कहना था कि सरकार को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए जिससे परीक्षा पूरी तरह फूलप्रूफ हो और छात्रों को अफवाहों से दूर रखा जा सके। वहीं दूसरी तरफ आलमबाग के गुरु नानक महाविद्यालय गर्ल्स इंटर कालेज परीक्षा केंद्र पर पहुंचे 69 वर्षीय अशोक बहार सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बने। केंद्र पर अशोक बहार कार से उतरे तो अभ्यर्थियों के साथ ही सुरक्षा कर्मियों में भी हैरानी थी। उन्होंने तलाशी के दौरान बेल्ट और चश्मा निकालने का विरोध भी किया और कहा कि इसके बिना हम नहीं रह सकते। सुरक्षा कर्मियों ने उनकी नहीं सुनी, चश्मा और बेल्ट घड़ी सब उतरवा लिया। इसके बाद उन्होंने सब सामान ड्राइवर अवधेश को दे दिया। एक केंद्र पर सबसे उम्रदराज अभ्यर्थी ने हंगामा कर दिया। 69 वर्षीय अभ्यर्थी अशोक बहार ने परीक्षा केंद्र जांच के दौरान चश्मा और बेल्ट उतारने को लेकर विरोध किया।

## बॉबी देयोल ने अपने अभिनय से फिल्म 'बंदर' को बनाया खास

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। अनुराग कश्यप की फिल्म बंदर सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। बंदर के साथ अनुराग कश्यप ने एक बार फिर दर्शकों तक एक शानदार डार्क फिल्म पहुंचा दी है। अनुराग कश्यप को उनकी फिल्मों को बेहद डार्क रियलिस्टिक तरीके से पर्दे पर परोसने के लिए जाना जाता है। इस फिल्म में भी अनुराग कश्यप ने वो बात सही साबित की है। अनुराग कश्यप के डायरेक्शन और बॉबी देओल की शानदार एक्टिंग बंदर को खास बनाती है। समर मेहरा (बॉबी देओल) एक ऐसा सेलेब्रिटी जो स्टारडम से दूर रह गया है। वो अब शादियों में गाना गाता है, पैसों की उसके पास कमी है। उसके कोई दोस्त नहीं हैं। एक गर्लफ्रेंड है जिससे वो डेटिंग ऐप के जरिए मिला है। उसकी गर्लफ्रेंड उससे काफी छोटी है। समर मेहरा का जीवन सामान्य चल रहा होता है। लेकिन एक दिन दरवाजे पर हुई पुलिसवालों की दस्तक उसके पूरे जीवन को पलट देती है। समर मेहरा पर उसकी एक्स गायत्री (सपना पब्बी) ने रेप का आरोप लगाया है। गायत्री से भी समर उसी डेटिंग ऐप पर मिला होता है जिसपर खुशी से उसकी मुलाकात होती है। समर और गायत्री की मुलाकात तो आम होती है, लेकिन दोनों की कहानी जैसे-जैसे आगे बढ़ती है, समर को एहसास होता है कि गायत्री उससे ऑबसेस्ड हो चुकी है। वो गायत्री से दूरी बना लेता है। वो गायत्री को अपने फोन से ब्लॉक कर देता है। अनुराग कश्यप की ये फिल्म कोर्ट रूम ड्रामा या समर को सही साबित करने के चक्कर में नहीं पड़ती है। फिल्म दिखाती है कि कैसे एक इंसान पर लगा रेप का आरोप उसे कैसे तोड़ देता है। बॉबी देओल ने अपनी एक्टिंग से इस बात को बखूबी दिखाया है।

## तन, मन और आत्मा को जोड़ता है योग : ज्ञानेंद्र शरण

**राज्य बांध सुरक्षा संगठन और वाल्मी ने संयुक्त रूप से किया योग दिवस का आयोजन,**

**अमन लेखनी समाचार**



पीजीआई। रायबरेली रोड के उतरटिया स्थित सिंचाई विभाग के वाल्मी भवन प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को राज्य बांध सुरक्षा संगठन व उत्तर प्रदेश जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान के कर्मचारियों ने खुले मैदान में आयोजित योग कार्यक्रम में बढ़ चढ़ हिस्सा लेते हुए योगाभ्यास किया। आयोजनकताओं ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य योग के माध्यम से जनसामान्य में स्वास्थ्य, समरसता एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे राज्य बांध सुरक्षा संगठन के मुख्य अभियंता ज्ञानेंद्र शरण ने अपने प्रेरणादायक संदेश में योग को जीवन का आधार और अभिन्न हिस्सा बताते हुए इसके सतत अभ्यास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि योग तन, मन और आत्मा को जोड़ने का मंत्र है। ह्लकरो योगझ्ररहो निरोगह्व का आह्वाहन करते हुए मौजूद लोगों को योग से जुड़ने और जन जन को योग से जोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक व मानसिक दुर्बलता को दूर करता है, बल्कि अनुशासन, समर्पण और सफलता की ओर भी प्रेरित करता है। इस मौके पर मौजूद रहे उत्तर प्रदेश जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान के निदेशक ललित कुमार सिंह ने लोगों को योग से जुड़ कर जीवन को सरल और सार्थक बनाने का आह्वाहन किया।

## ट्रांसफार्मर में लगी आग, बाइक चपेट में आने से जलकर राख

**ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर पाया काबू, बड़ा हादसा टला**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र के पतौना गांव मोड़ पर लगे 25 केवीए विद्युत ट्रांसफार्मर में रविवार दोपहर को अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पास में खड़ी एक मोटरसाइकिल उसकी चपेट में आकर जलकर राख हो गई। ग्रामीणों की तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों के अनुसार ट्रांसफार्मर से कई दिनों से चिंगारियां निकल रही थीं। इसकी शिकायत कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। रविवार को अचानक ट्रांसफार्मर में तेज धमाके के साथ आग लग गई और लपटें दूर तक उठने लगीं। बताया गया कि आदमपुर निवासी चंदर अपनी मोटरसाइकिल ट्रांसफार्मर के पास खड़ी कर किसी काम से गए थे। इसी दौरान आग की लपटें बाइक तक पहुंच गईं और वह पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। आग लगने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों ने अपने स्तर पर बालू कच्ची मिट्टी डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते आग नहीं बुझाई जाती तो आसपास स्थित मकानों और अन्य संपत्तियों को भी नुकसान पहुंच सकता था। घटना के बाद ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी देखने को मिली। उनका आरोप है कि शिकायतों के बावजूद विभाग ने ट्रांसफार्मर की मरम्मत या बदलाव की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया। ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर को जल्द बदलने और लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



जलकर नष्ट बाइक फोटो

## थार की टक्कर से युवक की मौत पर ग्रामीणों का प्रदर्शन, मुआवजा व नौकरी की मांग

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। काकोरी इलाके के गोलाकुआं गांव स्थित ओवरब्रिज के पास सड़क हादसे में युवक की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने रविवार को शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने अज्ञात वाहन चालक की गिरफ्तारी, मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग उठाई। एसडीएम मलिहाबाद के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ और पुलिस की निगरानी में युवक का अंतिम संस्कार कराया गया। जानकारी के अनुसार मंडौली गांव निवासी हिमालय राज गौतम (26) शनिवार रात करीब नौ बजे हरदोई रोड पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार थार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया। घटना से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने शनिवार रात करीब दो घंटे तक सड़क जाम कर प्रदर्शन किया था। बाद में पुलिस ने समझा-बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने कार्रवाई में देरी का आरोप लगाते हुए शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन की योजना बनाई। बड़ी संख्या में ग्रामीण गोलाकुआं अंडरपास के पास एकत्र हो गए। भारतीय किसान यूनियन हिंदुस्तान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सलमान के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने मुआवजा, नौकरी और आरोपी चालक की गिरफ्तारी की मांग की। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने शव को वैकल्पिक मार्ग से गांव पहुंचाया। मौके पर पहुंचे एसडीएम मलिहाबाद अंकित कुमार को ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा। एसडीएम ने शासन स्तर पर पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को संविदा पर रोजगार दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद लगभग आधे घंटे तक चला प्रदर्शन समाप्त हो गया। काकोरी इंस्पेक्टर सतीश राठौर ने बताया कि हादसे के समय आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। फरार वाहन और उसके चालक की पहचान कर जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## बुजुर्ग का शव तालाब में उतराता हुआ मिला

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। ससुराल जाने की बात कहकर घर से निकले बुजुर्ग का शव दो दिन बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास स्थित तालाब में उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के साहिमाबाद गांव निवासी रामप्रसाद (70) बीते शुक्रवार को घर से ससुराल जाने की बात कहकर निकले थे। इसके बाद वह वापस नहीं लौटे। रविवार सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद के किनारे बने तालाब में ग्रामीणों ने एक शव उतराता देखा। यह देख वहां सनसनी फैल गई. ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया। जांच के दौरान शव की पहचान रामप्रसाद के रूप में हुई। मृतक के पुत्र रमेश और वीरेंद्र ने बताया कि उनके पिता दो दिन पूर्व शुक्रवार को ससुराल जाने की बात कहकर घर से निकले थे, लेकिन उसके बाद उनका कोई पता नहीं चल सका। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने फील्ड यूनिट की टीम को भी मौके पर बुलाया। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। हालांकि मृतक के पास से कोई सामान या पहचान संबंधी वस्तु बरामद नहीं हुई। मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि शव की शिनाख्त होने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अटारी में महिलाओं ने किया योगाभ्यास

**अमन लेखनी समाचार**




योग दिवस पर योगा करती महिलाएं

लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को माल इलाके के अटारी गांव में पानी संस्थान के तत्वावधान में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व प्रधान संघ अध्यक्ष संयोगिता सिंह चौहान ने किया। इसमें गांव और आसपास के क्षेत्र की दर्जनों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया। शिविर में प्रतिभागियों को योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी गई। महिलाओं ने प्राणायाम, ध्यान और विभिन्न योगासनों का अभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित योग करने से शरीर निरोग रहता है, मानसिक तनाव कम होता है और व्यक्ति का जीवन अधिक संतुलित एवं सकारात्मक बनता है। इस मौके पर संयोगिता सिंह चौहान ने कहा कि योग भारत की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही है। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने की एक संपूर्ण पद्धति है। नियमित योगाभ्यास से आत्मविश्वास बढ़ता है और अनेक बीमारियों से बचाव संभव है। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने प्रतिदिन योग करने तथा अपने परिवार और समाज के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। आयोजकों ने कहा कि शिविर का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और योग के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है।

## संक्षेप

### ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गुरधरी गांव निवासी रूपेश कुमार पुत्र भैयालाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर गांव के कुछ लोगों पर ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा करने तथा उनकी जमीन से जबरन रास्ता निकालने का आरोप लगाया है। शिकायती पत्र में रूपेश कुमार ने बताया कि उनकी भूमि गाटा संख्या 286 पर चकबंदी विभाग के अधिकारियों द्वारा चक काटकर उन्हें कब्जा दिलाया जा चुका है। आरोप है कि गांव के ही राम सजीवन, उमाकांत, प्रेमकांत, सूर्यभान और अनूप कुमार सहित अन्य लोग ग्राम समाज की भूमि गाटा संख्या 141 पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण कार्य करा रहे हैं। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोग उनकी कृषि भूमि से जबरन रास्ता बनाकर आवागमन कर रहे हैं। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित रूपेश कुमार ने उच्चाधिकारियों से मामले की जांच कराकर अवैध कब्जा हटवाने तथा उन्हें और उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग की है।

### आंगनबाड़ी सहायिका चयन में धांधली का आरोप, महिला ने डीएम से की शिकायत

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। तहसील सफीपुर क्षेत्र के ग्राम अहमदाबाद माथर निवासी एक महिला ने आंगनबाड़ी सहायिका के चयन में अनियमितता का आरोप लगाते हुए संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी से शिकायत की है। महिला ने चयन प्रक्रिया को निरस्त कर निष्पक्ष जांच की मांग की है।विकास खण्ड फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के ग्राम अहमदाबाद माथर निवासी रेनू वर्मा पत्नी नीरज कुमार ने दिए शिकायती पत्र में बताया कि ग्राम पंचायत अहमदाबाद माथर में आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए उसने ऑनलाइन आवेदन किया था। उसके साथ अन्य महिलाओं ने भी आवेदन किया था। आरोप है कि चयन प्रक्रिया में उन सभी महिलाओं के नाम शामिल नहीं किए गए, जबकि कुछ चुनिंदा लोगों के साथ मिलीभगत कर चयन कर लिया गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि चयनित अभ्यर्थी स्वाती पत्नी पंकज का नाम आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर शामिल किया गया रेनू वर्मा ने आरोप लगाया कि स्वाती मौजूदा ग्राम प्रधान सरजूदेई के जेठ की बहु है और स्वाती की सास शिवकली पत्नी रमेश मौजूदा आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री है आवेदिका ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान सरजूदेई ने मिलीभगत कर अपनी चचेरी बहु का चयन करा लिया। इस कारण अन्य आवेदकों के साथ अन्याय हुआ है। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि उक्त चयन प्रक्रिया को तत्काल निरस्त कर नए सिरे से पारदर्शी तरीके से चयन कराया जाए। साथ ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# बिहार भोजपुर हत्याकांड पीड़ित परिवार की मदद को आगे आए युवा अंकित शुक्ला

## राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की एक लाख की आर्थिक मदद

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद संस्थापक अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने आगे आकर बिहार के जनपद भोजपुर के हत्याकांड में जान गवाने वाले भारत भूषण तिवारी के परिवार को अंकित शुक्ला की ओर से परिजनों को 1 लाख की सहायता राशि प्रदान की गई।

बिहार के जनपद भोजपुर पुलिस अधीक्षक से बात कर न्याय दिलाने को कहा , परिवार की मदद के लिए अंकित शुक्ला की झलक आगे दिखी गरीब परिवार को जरूरत का सामान और पैसे दिए अंकित ने पीड़ित परिवार से कहा कि घटना बहुत ही निंदनीय है। अंकित शुक्ला ने सरकार से मांग की गांव बिलौटी में पीड़ित परिवार के पिता को वेंशन और पट्टा, आवास एक सरकारी नौकरी आदि की मांग की कार्यवाही जल्द पूरी कराई जाए।

रविवार को अंकित शुक्ला ने पीड़ित परिवार के पिता के नाम एक लाख रुपये का चेक पेमेंट किया अंकित शुक्ला ने कहा कि बाकी मांगों को भी जल्द पूरा किया जाए वह और पुलिस अधिकारी लगातार पीड़ित परिवार के संपर्क में रहे अंकित ने और भी धनराशि एकत्र करके पीड़ित परिवार सहायता के लिए कहा हर संभव मदद करते रहेंगे अंकित शुक्ला ने कहां की दोषियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई कराई जाए व सजा दिलाई जाए उन्हे भी एक परिवार का दर्द पता चलें और परिजनों की मांग वह भी जल्द से जल्द पूरा किया जाए नेताओं के द्वार पर जाकर चक्कर न काटने पड़ें ज्यादातर घटनाओं में मैने देखा गया है कि आश्वासन तो दे दिया जाता है पर पूरा नहीं होता अगर ऐसा सरकार व अधिकारी करते हैं तो अंकित शुक्ला ने परिजनों से कहा कि हम सब मिलकर एक न्याय की लड़ाई लड़ने के लिए आगे आएंगे इस बार राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद संस्थापक अध्यक्ष अंकित शुक्ला अपनी एकता को दिखाते हुए ऐसा आंदोलन करेंगे जिससे सरकार को भी पता चल जाएगा कि किस तरह हम सब पीड़ित परिवार के साथ रहते है अधिकारियों व नेताओं के चक्कर काटते रहते हैं और परिजनों को न्याय नहीं मिलता आश्वासन देते हुए कहा कि हर संभव हम आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे जब भी जरूरत पड़े तब आप संपर्क कर सकते हैं हजारों लोगों ने अंकित कि प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे पहले युवा है जो ऐसे सराहनीय कार्य में कदम उठाया है। क्या समाज में सेवा करना या सवाल पूछना गुनाह है क्योंकि वह एक समाजसेवी भी था अगर ऐसा है सरकार आदेश कर दे की कोई भी समाजसेवी किसी की मदद नहीं करेगा सिर्फ नेता करेंगे समाजसेवी की जरूरत ही नहीं पड़ेगी ऐसी सेवा करने के लिए।

# बिहार पीसीएस परीक्षा में चमकी शालिनी सिंह, क्षेत्र में खुशी की लहर

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। विकास खण्ड क्षेत्र के भैयाखेड़ा की बेटी शालिनी सिंह पुत्री राम लखन सिंह शनिवार को जारी हुए बिहार पी सी एस में सफलता प्राप्त की है। उसकी सफलता से उसके गाँव सहित क्षेत्र में हर्ष फैल गया है। इस सबंन्ध मे जब शालिनी सिंह से बात की गई उन्होंने बताया वह वर्तमान समय में बिहार प्रांत में राजकीय बुनियादी विद्यालय भूरे जयराम समस्तीपुर में प्राथमिक शिक्षिका है। उन्होंने प्रशासनिक सेवा में जाने के अपने सपने को कभी ओझल नहीं होने दिया। उन्होंने बिना हिम्मत हारे निरंतर कठिन परिश्रम और कड़े अध्ययन को जारी रखा, जिसके सुखद परिणामस्वरूप आज उन्हें यह स्वर्णिम सफलता हासिल हुई है। उनके पिता रामलखन बताते है उनकी दो बेटियों ममता व रेशू विवाहित हो चुकी है जबकि उनकी छोटी बेटी शालिनी हाई स्कूल भगवंतनगर के लाल बहादुर पब्लिक स्कूल से व बारहवीं की परीक्षा श्री चंद्रिका देवी इंटर कॉलेज तनगापुर से पास किया था। रायबरेली से बी टी सी पास कर उसकी नौकरी लग गयी थी। 2023 में उसकी नौकरी बिहार प्रान्त में लग गयी। वह वही किराए का कमरा लेकर पढ़ाई करती रही। उनकी माँ सरला सिंह गृहणी है जबकि वह खुद खेतीबाड़ी कर घर का जीवन यापन करते है। क्षेत्रीय लोगो मे चैयरमैन आशीष शुक्ला, शिवेंद्र सिंह, शिवम सिंह, रुद्र सिंह, दीपक नारायण सोनी, राजू बाजपेयी सहित अन्य लोगो ने हर्ष ब्यक्त किया है।

# 12वें योग दिवस पर कुटी वीर बाबा मंदिर में योगाभ्यास

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर क्षेत्र के अजयपुर स्थित पावन धाम कुटी वीर बाबा मंदिर प्रांगण में शनिवार को योगाभ्यास कार्यक्रम हुआ। इसमें क्षेत्र के युवाओं और बुजुर्गों ने उत्साह से भाग लिया।योगाभ्यास के दौरान भाजपा नेता संजय शुक्ल ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग बेहद जरूरी है। योग से तन और मन दोनों मजबूत होते हैं। नियमित योगाभ्यास से ब्लड प्रेशर, शुगर, जोड़ों का दर्द समेत कई बीमारियों को दूर किया जा सकता है। शरीर चुस्त-दुरुस्त रहता है, लेकिन इसके लिए योग रोजाना तय समय पर करना जरूरी है।इस मौके पर अनूप नारायण, त्रिभुवन त्रिपाठी, फिरोज अहमद, रामशंकर यादव, रामभरोसे लोधी, सुनील रावत, लकी सविता, आदित्य अवस्थी समेत करीब



आधा सैकड़ा लोग मौजूद रहे। सभी ने योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है के संदेश के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# महिला के ऊपर से गुजरी पूरी ट्रेन पटरियों के बीच लेट कर बचाई अपनी जान

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। महिला के ऊपर से पूरी ट्रेन गुजर गई, लेकिन वह बाल-बाल बच गई। सिर्फ कान में मामूली खरोंच आई। हुआ यूं कि महिला आम्रपाली एक्सप्रेस ट्रेन पर शनिवार रात चढ़ रही थी, तभी उसका पैर फिसल गया और वह ट्रैक पर गिर गई। तब तक ट्रेन की स्पीड तेज हो गई। उसके ऊपर से 21 रेल डिब्बे गुजर गए। महिला पटरियों के बीच सिकुड़कर लेटी रही। ट्रेन के गुजरने के बाद ॠफढ-फढॠ ने महिला को उठाया और जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद महिला को डिस्चार्ज कर दिया गया। घटना उन्नाव जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर हुई।रामशिला (48) मूल रूप से मध्य प्रदेश के कोरबा के आम्रपाली गांव की रहने वाली है। उन्नाव में वह पति गंगाराम, बेटे सागर और भाई जय के साथ कई महीनों से रहती है। सभी अचलगंज में एक ईंट भट्ठे पर काम करते हैं। बेटे सागर ने बताया- शनिवार रात हम लोग अपने गांव वापस जा रहे थे। ट्रेन पकड़ने के लिए उन्नाव स्टेशन पहुंचे थे। सागर के अनुसार, आम्रपाली एक्सप्रेस का टिकट लिया था। प्लेटफॉर्म-2 पर रात करीब 12:10 बजे ट्रेन आई। मैं और पिताजी सामान लेकर ट्रेन में चढ़ गए। अंत में मां चढ़ रही थीं, तभी उनका पैर फिसल गया और वह ट्रेन व प्लेटफॉर्म के बीच पटरियों पर गिर गईं। गिरते समय मां चीखी, तो मैं और पिताजी बचाने के लिए ट्रेन से नीचे उतर आए, लेकिन तब तक ट्रेन चल पड़ी। बेटे ने कहा- गनीमत रही कि मां पटरियों के बिल्कुल बीचोबीच लेटी हुई थीं। ट्रेन की सभी 21 बोगियां मां के ऊपर से गुजर गईं। भगवान ने उन्हें बचा लिया।हादसे के बाद महिला काफी देर तक सहमी नजर आई। अस्पताल में भी वह पति का हाथ पकड़े रही। पति दिलासा देते रहे कि उसे कुछ नहीं हुआ है। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया- महिला पूरी तरह सुरक्षित है और होश में है। उसके कान में मामूली चोट लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।हादसे में महिला को मामूली चोटें आई हैं। आरपीएफ और जीआरपी ने उसे सुरक्षित बाहर निकाला। मेरी यात्रियों से अपील है कि चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने का प्रयास न करें। थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

# ट्रेन की चपेट से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित शांति नगर मोहल्ले में शनिवार रात एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। रेलवे ट्रैक पार करते समय यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। मृतक की पहचान शांति नगर निवासी 45 वर्षीय मनोज पाल पुत्र पुतान पाल के रूप में हुई है। मनोज पाल मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे और एक फैक्ट्री में कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार, मनोज पाल शांति नगर क्षेत्र में रेलवे लाइन के पास किसी काम से गए थे, तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसा इतना गंभीर था कि उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई।मनोज पाल के परिवार में उनकी पत्नी के अलावा चार बेटियां और एक बेटा है। मनोज की मौत की खबर मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। परिवार के सदस्यों का कहना है कि मनोज ही परिवार की जिम्मेदारी संभाल रहे थे, और उनकी अचानक मृत्यु से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम हाउस पर परिजन न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार करते रहे। पुलिस मामले की जांच कर रही है ताकि हादसे की परिस्थितियों का पता चल सके।

# उपाधीक्षकों व उपनिरीक्षको के कार्य क्षेत्र में किया गया फेरबदल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने पुलिस विभाग में व्यापक फेरबदल किया है। इस क्रम में कई पुलिस उपाधीक्षकों (सीओ) और उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सभी स्थानांतरित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नए पदस्थापन स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार, नवागत पुलिस उपाधीक्षक हर्ष मोदी को क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ नियुक्त किया गया है। इससे पूर्व वह बरेली जनपद में तैनात थे। उनके अधीन बांगरमऊ, औरास, आसीवन तथा बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र रहेंगे। वहीं, दीपक यादव को क्षेत्राधिकारी सफीपुर बनाया गया है। उनके कार्यक्षेत्र में सफीपुर, माखी और फतेहपुर चौरासी थाने शामिल किए गए हैं। इसी प्रकार विनी सिंह को क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन/ साइबर क्राइम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके अधीन कोतवाली नगर, गंगाघाट, दही थाना, महिला थाना और साइबर क्राइम थाना रहेंगे। साथ ही पुलिस लाइन, परिवार परामर्श केंद्र, विशेष जांच प्रकोष्ठ एवं वीआईपीए सेल का दायित्व भी उन्हें सौंपा गया है।

पुलिस विभाग में हुए फेरबदल के तहत कई उपनिरीक्षकों का भी स्थानांतरण किया गया है। प्रकाश पाण्डेय को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी पाठन, थाना बिहार नियुक्त किया गया। जितेंद्र कुमार को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी कोल्हुआगढ़ा, थाना अचलगंज बनाया गया। जय प्रकाश भारती को चौकी प्रभारी कोल्हुआगढ़ा से चौकी प्रभारी बेथर, थाना अचलगंज स्थानांतरित किया गया। आदित्य कुमार मौर्य को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी सिविल लाइन, थाना कोतवाली की जिम्मेदारी दी गई। पंकज राज शारदा को चौकी प्रभारी सिविल लाइन, थाना कोतवाली से पुलिस लाइन भेजा गया। धीरेंद्र कुमार यादव को पुलिस लाइन से थाना अचलगंज में तैनाती दी गई। लल्लू सिंह भदौरिया को पुलिस लाइन से थाना मौरावां भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी नई तैनाती पर तत्काल कार्यभार ग्रहण कर कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# धूमधाम से मनाया गया 12 वा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के विभिन्न संस्थानों व सार्वजनिक जगहों पर 12 वा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। तहसील मुख्यालय में योग दिवस उपजिलाधिकारी रनवीर सिंह व तहसीलदार गणेश सिंह के साथ तहसील कर्मियों में योग मनाया। बिहार थाना में प्रभारी राहुल सिंह के साथ थाने के समस्त पुलिसकर्मियों द्वारा योग दिवस मनाया गया । ब्लॉक मुख्यालय में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश बाजपेयी के साथ ब्लॉक कर्मियों ने योग मनाया। पतंजलि के आर्चाय ओम प्रकाश द्विवेदी ने बताया भुजंगासन और मकरासन रीढ़ की हड्डी के स्वास्थ्य और विश्राम को बढ़ावा देते हैं; जबकि अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम जैसे श्वसन अभ्यास श्वास के प्रति जागरूकता और मानसिक शांति को बढ़ाते हैं। ध्यान, एकाग्रता और मानसिक स्थिति को और अधिक मजबूत करने में मदद करता है। साथ ही मंडल कार्यकर्ताओ में आशीष बाबा, अर्जुन लोधी, संतन पाल सहित



दर्जनों कार्यकर्ताओ को योग कर स्वस्थ्य रहने के गुण बताए। रघुराजा रामगोपाल डिग्री कॉलेज में कानपुर से आई हुई योगासनों में विश्व रिकार्ड बनाने वाली मेगा एथलीट भूमि तिवारी ने छात्राओं को योग करा करो योग रहो निरोग के फायदे बताये।

# पति-पत्नी के 31 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर एक साथ रहने को हुए राजी


अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं नीतू सिंह वामा सारथी अध्यक्षा जनपद उन्नाव की उपस्थिति में सभी महिला थाना सहित जनपद की समस्त थानों की महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त थाना पुरवा से 06, महिला थाना से 05, थाना सोहरामऊ से 04, थाना हसनगंज, थाना फतेहपुर चौरासी व थाना बांगरमऊ से 03-03, थाना औरास से 02, थाना गंगाघाट, थाना कोतवाली सदर, थाना बारासगवर, थाना अजगैन व थाना दही से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र समिति शिल्पी श्रीवास्तव, डा0 सागीर अहमद, डा0 अबसार अली तथा पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह व महिला आरक्षीगण पूजा, स्वाती यादव, शीलू पाल, नीतू, तरुण रानी, अल्का यादव, लक्ष्मी, पूनम यादव, प्रियंका मिश्रा, राखी राघव, स्वेता यादव, अंजली आर्या, दिव्या भारती, नीतू सिंह, पूनम शाक्य, सेविका का विशेष योगदान रहा।

# अज्ञात मिले शव की परिजनो ने की शिनाख्त

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। लखनऊ बांगरमऊ मार्ग हसनगंज कस्बे के बाहर 20 जून की दोपहर एक बजे सड़क किनारे एक अधेड़ का शव पड़ा होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के लोगों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा पहचान के लिए मृतक की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल की, सोशल मीडिया के माध्यम से मृतक की पहचान जनपद कानपुर नगर के चौबेपुर थाना क्षेत्र के गजेनपुर निवासी जगदीश (58) पुत्र स्वर्गीय भगवानदीन के रूप में हुई। सूचना मिलने पर मृतक के भाई महेश पहुंचे और शव की शिनाख्त की।मृतक के भाई महेश ने बताया कि जगदीश वैराग्य जीवन व्यतीत कर रहे थे और अक्सर आसपास के जिलों में घूमते रहते थे। वह कभी-कभी घर भी आ जाते थे। उनके मौत सूचना पर परिजन रो-रोकर बेहाल हो गए, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शरद कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान हो चुकी है। परिजन शव का अंतिम संस्कार के लिए ले गए है

# ठगी का शिकार हुए युवक की रकम साइबर क्राइम टीम ने कराई वापस

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों के बीच बांगरमऊ थाना की साइबर क्राइम टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए एक पीड़ित को बड़ी राहत दिलाई है। टीम की सक्रियता, त्वरित कार्रवाई और निरंतर प्रयासों के चलते ठगी का शिकार हुए युवक के खाते से निकाली गई रकम में से 69,400 रुपये वापस कराए गए हैं। साइबर टीम की इस सफलता से आम लोगों का विश्वास बढ़ा है तथा ऑनलाइन अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई का संदेश गया है। नगर के मोहल्ला पंजाबी टोला निवासी मोहम्मद अरमान पुत्र कुर्बान ने बीते 7 जून को साइबर क्राइम टीम को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि अज्ञात साइबर ठगों ने ऑनलाइन धोखाधड़ी कर उसके बैंक खाते से 78,400 रुपये निकाल लिए हैं। शिकायत मिलते ही बांगरमऊ थाना की साइबर क्राइम टीम हरकत में आ गई। टीम ने संबंधित बैंकों एवं साइबर पोर्टल के माध्यम से तत्काल पत्राचार और तकनीकी कार्रवाई शुरू की। लगातार फॉलोअप और अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप ठगी गई धनराशि में से 69,400 रुपये पीड़ित के खाते में वापस करा दिए गए।राशि वापस मिलने पर मोहम्मद अरमान ने साइबर टीम का आभार व्यक्त किया। क्षेत्रीय लोगों ने भी साइबर क्राइम टीम की कार्यकुशलता और तत्परता की प्रशंसा करते हुए इसे पीड़ितों के लिए राहत पहुंचाने वाली महत्वपूर्ण कार्रवाई बताया।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। लालगंज राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिहार थाना क्षेत्र के लोन नदी के पुल के पास डम्पर की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये । जिन्हे स्थानीय लोगो की मदत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर ले जाया गया । जहां प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर हालत मे तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया । बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम आकमपुर निवासी सत्यम 24 पुत्र अवधेश तिवारी रविवार को अपने घर से सुमेरपुर तिराहा आवश्यक काम से आए थे । काम निपटा कर सुमेरपुर तिराहे घर वापस जाते समय पड़ोसी गांव ढोलबजा निवासिनी धर्मपाल की पत्नी सुनीता 30 व उसका बेटा आयुश 11 वर्ष सत्यम को सुमेरपुर तिराहे पर मिल गये । इनका गाव सत्यम के गाँव के पास ही है। परिचित होने की वजह से सत्यम ने उनको बाइक में बैठा लिया । दोपहर करीब 1:30 बजे लोन नदी पुल के पास ओवर टेक करते समय डम्पर की टक्कर से तीनो गम्भीर रुप से घायल हो गये । राहगीरों की मदत से उन्हे प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र सुमेरपुर ले जाया गया । जहां डाक्टरों ने प्राथमिक इलाज किया गया । गम्भीर स्थिति को देखते हुए तीनो घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया । सुचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों के परिवारजनों को सूचना दी । सूचना पर पहुंचे सत्यम के परिजन गम्भीर स्थिति को देखते हुए इलाज हेतु प्राइवेट नर्सिंग होम ले गये । इस सम्बन्ध मे थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई है । तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी ।

## सम्पादकीय

# यूएस-ईरान डीलः दुनिया ने ली राहत की सांस

आखिरकार 111 दिनों तक चले संघर्ष के बाद अमेरिका और ईरान युद्ध खत्म करने पर सहमत हो गए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियानने अंतरिम समझौते पर हस्ताक्षर किए। खाड़ी संकट दूर होने से दुनिया ने राहत की सांस ली है। अब उम्मीद की जा सकती है कि तेल के दाम कम होंगे, महंगाई घटेगी और सप्लाई चेन बाधित नहीं होगी। महंगाई बढ़ने की आशंकाओं पर रोक लगेगी। हालांकि सफर लंबा है। युद्ध पूर्व के हालात बहाल होने में अभी समय लगेगा। अब देखा जाए जो इस संघष में अमेरिका ने अपना नुकसान ही किया है। उसे कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। वहीं, ईरान ने भी इस युद्ध में काफी नुकसान झेला है। यहां तक की अपने सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई तक को खो दिया। इसके अलावा भी कई बड़े नेता भी इसमें मारे गए हैं। इसके बावजूद वार्ता की मेज पर ईरान अपनी कई प्रमुख मांगों को आगे बढ़ाने में सफल दिखाई देता है। उसने इस समझौते में अपनी लगभग सभी शर्तें मनवा ली हैं। अब वह होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से पैसा वसूल सकेगा। अमेरिका उसके सभी फ्रीज खाते खोलेगा और पुनर्निर्माण में भी मदद करेगा। साथ ही ईरान पर लगा तेल बेचने का बैन भी खत्म होगा। कुल मिलाकर ईरान के लिए यह समझौता काफी मददगार साबित होगा। बिना सोचे समझे फैसला करने के आदि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इसे अपनी जीत ही बताएंगे, लेकिन वह ऐसा कुछ भी हासिल नहीं कर सके, जिसे उनकी उपलब्धि कहा जाए। अमेरिका ने इन हमलों पर भारी भरकम खर्च किया। दूसरी तरफ ईरान ने जवाबी कार्रवाई से मुंहतोड़ जवाब दिया और खाड़ी देशों में उसके एयरबेसों को भारी नुकसान पहुंचाया। इस युद्ध से अमेरिका को अपनी सीमा भी पता चल गई। चूंकि वह ईरान में न तो सत्ता परिवर्तन करवा पाया और न ही उसके मौजूदा शासन को झटका दे पाया। इस संघर्ष ने एक और महत्वपूर्ण संदेश दिया है। आधुनिक युद्ध केवल सैन्य ताकत का प्रदर्शन नहीं होते, बल्कि उनकी आर्थिक और राजनीतिक कीमत भी बहुत अधिक होती है। अमेरिका जैसी महाशक्ति को भी यह एहसास हुआ कि किसी देश की सरकार को केवल सैन्य कार्रवाई के जरिए बदलना आसान नहीं है। वहीं, ईरान ने भी यह दिखाया कि वह दबाव के सामने पूरी तरह झुकने को तैयार नहीं है। यही कारण रहा कि अंततः दोनों पक्षों को बातचीत का रास्ता चुनना पड़ा। फिर भी इस समझौते को अंतिम समाधान नहीं माना जा सकता। यह केवल एक अंतरिम व्यवस्था है, जिसके बाद कई जटिल मुद्दों पर आगे बातचीत होनी बाकी है। क्षेत्रीय सुरक्षा, प्रतिबंधों की स्थायी समाप्ति, परमाणु कार्यक्रम और पारस्परिक विश्वास बहाली जैसे विषय अभी भी चुनौती बने हुए हैं। यदि इन मुद्दों पर संतुलित समाधान नहीं निकलता, तो भविष्य में तनाव फिर बढ़ सकता है। फिलहाल इतना निश्चित है कि युद्ध की आग पर कूटनीति ने पानी डालने का काम किया है। दुनिया ने राहत की सांस ली है और वैश्विक अर्थव्यवस्था को एक बड़े संकट से बचने का अवसर मिला है। लेकिन स्थायी शांति केवल समझौते पर हस्ताक्षर करने से नहीं आएगी। इसके लिए दोनों देशों को संयम, विश्वास और संवाद की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना होगा। आने वाला समय बताएगा कि यह समझौता स्थायी शांति की नींव बनता है या केवल संघर्ष के बीच एक अस्थायी विराम साबित होता है।



विश्व परिदृश्य

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# व्यापार समझौतों से विकास की इबारत

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों के बीच भारत तेजी से व्यापार कूटनीति को अपनी विकास रणनीति का प्रमुख आधार बना रहा है। अमेरिका, यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, ओमान और अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की दिशा में बढ़ती प्रगति भारत के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रही है। पश्चिम एशिया संकट के समाधान के बाद वैश्विक व्यापारिक माहौल में आई सकारात्मकता भी भारत के पक्ष में दिखाई दे रही है। नए व्यापार समझौते जहां निर्यात, निवेश और विनिर्माण को गति देंगे, वहीं सरल श्रम कानूनों के साथ मिलकर रोजगार सृजन और विकसित भारत के लक्ष्य को भी मजबूती प्रदान करेंगे।

फ्रांस में जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार समझौता जल्द आकार लेगा। ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी की जमकर तारीफ करते कहा कि मैं उन्हें बहुत पसंद करता हूं, वे मेरे अच्छे दोस्त हैं और भविष्य में मैं भारत जा सकता हूं। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब दोनों देश व्यापार समझौते के लिए अपने आर्थिक-व्यापारिक मुद्दों को सुलझाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में पिछले दिनों 1 जून से 4 जून के बीच नई दिल्ली में भारत और अमेरिका के बीच महत्वपूर्ण व्यापार वार्ता संपन्न हुई है। इस वार्ता के बाद दोनों देशों ने कहा कि उनके बीच द्विपक्षीय व्यापार वार्ता से संबंधित 99 प्रतिशत मुद्दे तय हो चुके हैं और दोनों देश एक पारस्परिक रूप से लाभकारी अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की राह पर हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि जी 7 सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री मोदी के साथ यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने वार्ता के दौरान कहा कि यूरोपीय संघ के साथ भारत का मुक्त व्यापार समझौता( एफटीए) इसी वर्ष 2026 के अंत तक कार्यान्वित होने लगेगा। इतना ही नहीं, ब्रिटेन के साथ एफटीए भी आगामी 15 जुलाई से कार्यान्वित होना सुनिश्चित हो गया है।

उल्लेखनीय है कि वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत आगामी 10 महीनों में 9 एफटीए लागू करेगा। इससे देश निर्यात, विनिर्माण और निवेश का वैश्विक केंद्र बनने की राह पर आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा। 17 जून को पश्चिम एशिया संकट के समाधान से भारत से निर्यात बढ़ाने और अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के मद्देनजर व्यापार समझौतों की अहम भूमिका उभरकर दिखाई दे रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि जब इस समय वैश्विक निर्यात का ग्राफ तेजी से घट रहा है, वहीं हाल ही में प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार अप्रैल-मई माह 2026 में भारत का निर्यात पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले करीब 15 प्रतिशत बढ़ गया है और भारत की विकास दर भी उभरते हुए देशों में सबसे अधिक है। ऐसे में अब नए व्यापार समझौतों से इस वित्तीय वर्ष 2026-27 में जहां भारत के निर्यात तेजी से बढ़ेंगे, वहीं अर्थव्यवस्था की रफ्तार और तेज होगी। विगत एक जून को भारत और ओमान के बीच वृहद आर्थिक एवं साझेदारी समझौता (सीईपीए) लागू हो गया है। इससे आगामी पांच वर्षों में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होकर 20 अरब डॉलर के पार पहुंचने का अनुमान है। ओमान में भारत के 99 प्रतिशत से अधिक उत्पादों को शुल्क मुक्त प्रवेश मिलेगा। इसके जरिये ओमान में भारत के कृषि, समुद्री उत्पाद, रत्न एवं आभूषण, फार्मास्यूटिकल्स, वस्त्र, प्लास्टिक, कपड़ा, इंजीनियरिंग सामान, फुटवियर व ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों को पूर्ण शुल्क समाप्ति और निर्यात विस्तार का अवसर मिलेगा। खास बात यह है कि यह समझौता दक्षिण एशिया, खाड़ी क्षेत्र और पूर्वी अफ्रीका को जोड़ने वाला एक रणनीतिक आर्थिक गलियारा स्थापित करेगा। इससे कारोबार बढ़ने के साथ रोजगार मौके भी बढ़ेंगे। इसी परिप्रेक्ष्य में पिछले दिनो 19वें रोजगार मेले में




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विभिन्न देशों के साथ भारत के तेजी से आकार ले रहे द्विपक्षीय व्यापार समझौते और मुक्त व्यापार समझौते तथा भारत में लागू किए जा रहे सरल कानूनों से देश के तेज विकास के साथ युवाओं के लिए रोजगार के व्यापक अवसर निर्मित होंगे। इसमें कोई दोमत नहीं हैं कि व्यापार समझौतों को भारत के हित में अधिक लाभप्रद बनाने के मद्देनजर हाल ही में पूरे देश में जमीनी स्तर पर लागू की गई चार नई श्रम संहिताएं (लेबर कोड) अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। इन चार श्रम संहिताओं-मजदूरी संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और व्यावसायिक सुरक्षा संहिता के तहत नए सरल श्रम कानून उद्योग-कारोबार की मजबूती और विकास की नई संभावनाओं को आकार देते हुए दिखाई देंगे। पिछले माह 15 से 20 मई तक प्रधानमंत्री मोदी ने पांच देशों-संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की आधिकारिक यात्रा के दौरान इन देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार के महत्वपूर्ण समझौते किए हैं। इनमें सेमीकंडक्टर, ऊर्जा, रक्षा और क्रिटिकल मिनरल्स पर समझौते प्रमुख हैं। प्रधानमंत्री मोदी के साथ वार्ता के दौरान इन देशों की 50 बड़ी वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के द्वारा भारत में अपनी व्यापार विस्तार योजनाओं के लिए लगभग 40 अरब डॉलर की राशि का निवेश संकल्प जताया गया है। यह भी महत्वपूर्ण है कि इस यात्रा के दौरान 19 मई को ओस्लो में संपन्न भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन यूरोप के नॉर्डिक क्षेत्र के साथ भारत के रिश्तों को व्यापक बनाने के मामले में अहम रहा है। नॉर्डिक देशों में उत्तरी यूरोप के डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और स्वीडन जैसे देश शामिल हैं। नार्डिक देशों ने अगले 15 वर्षों में भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है और इसके बदले में भारत ने इन देशों की रक्षा कंपनियों को रक्षा उद्योग गलियारे में 100 फीसदी विदेशी निवेश पहुंच प्रदान करना सुनिश्चित किया है। उल्लेखनीय है कि भारत एफटीए की डगर पर तेजी से बढ़ रहा है। विगत 27 अप्रैल को भारत और न्यूजीलैंड के बीच एक ऐतिहासिक एफटीए पर हस्ताक्षर हुए हैं और यह जल्द ही पूर्णतया लागू होगा। न्यूजीलैंड के साथ किए गए इस एफटीए का अत्यधिक मजबूत पक्ष भारत से सेवा निर्यात बढ़ाना और भारत से पेशेवरों को न्यूजीलैंड में अच्छे अवसरों के लिए आगे बढ़ाना भी है। यह एफटीए भारत की प्रतिभाओं, स्टार्टअप्स और नवाचार के लिए एक मजबूत बुनियाद प्रदान करता है। यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत-यूरोपीय संघ के बीच हुए एफटीए को सभी समझौतों की जननी कहा गया है। साथ ही अब मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के साथ सफलतापूर्वक कार्यान्वित हो रहे एफटीए के और अधिक लाभ मिलते हुए दिखाई देंगे। इतना ही नहीं इस समय कनाडा, इस्राइल, रूस, पेरू, चिली, दक्षिण अफ्रीका और मेक्सिको के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर काम में तेजी आ रही है। अमेरिका और इरान के बीच शांति समझौते और पश्चिम एशिया संकट के समाधान के बाद सरकार व्यापार समझौतों के प्रभावी क्रियान्वयन की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगी। उम्मीद करें कि प्रभावी व्यापार समझौतों के आधार पर डॉलर की तुलना में रुपये की गिरावट थमेगी और रुपया मजबूत होगा। साथ ही भारत आगामी 4-5 वर्षों में दुनिया के सबसे आकर्षक शेयर बाजारों में से एक होगा और अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी। इससे भारत के द्वारा उत्पादन वृद्धि, निर्यात वृद्धि, रोजगार वृद्धि और विकास दर वृद्धि के नए अध्यायय लिखे जा सकेंगे।

विश्व सिकल दिवस

लेखक डॉ.ए.आर.दल्ला



# समानता का हकदार

प्रति वर्ष 19 जून को विश्व सिकल दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वर्ष 2026 के लिए एक थीम चर्चा का विषय दी है। जीवन रक्षा की खाई को भरें सिकल सेल पर समानता सुनिश्चित करें। यह दिन जीवन के प्रबंधन की गुणवत्ता में सुधार लाने और बेहतर सुविधाओं की वकालत करने का एक वैश्विक अभियान भी है। पहले इसे सिर्फ अश्वेत अफ्रीकन (नीग्रो) लोगो का रोग माना जाता था। चिकित्सा विज्ञान की प्रगति से मालूम हुआ कि यह भारत, अरब, और मेडीटेरियन अफ्रीका के अन्य देशों में भी व्याप्त है। रोजी-रोटी की तलाश में जाने वाले प्रवासी अश्वेत नीग्रो के माध्यम से यह रोग अमेरिका और यूरोप के अन्य देशों में भी पहुंचा।

संयुक्त राष्ट्र संघ ने इसे एक घातक आनुवांशिक रोग चिन्हीत करते हुए कहा है कि इस रोग के प्रबंधन और जनजागरण के चलते मलेरिया, कुपोषण एवं



एनीमिया से होने वाली बीमारी से शिशु मृत्यू दर में कमी लाई जा सकती है। यहां यह जानना जरूरी है कि विश्व के विकसित और विकासशील देशों में स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर में बहुत अंतर है-इसमें आर्थिक संसाधनो की एक बड़ी कमी की समस्या भी सामने आती है। इसी संदर्भ मे इस वर्ष 2026 में विश्व-स्वास्थ संगठन ने एक सामायिक थीम दी है। 'जीवन रक्षा की खाई को भरे। समानता सुनिश्चित करें।' सिकल सेल एक ऐसा अनुवांशिक रोग है, जिस पर सदियों तक भ्रांतियां बनी रहीं। पहले यह रोग अश्वेत अफ्रीकन लोगों का विकार माना जाता था। विज्ञान की प्रगति के साथ मालूम हुआ कि यह भारतवर्ष, अरब और मेडेटेरियन अफ्रीका के ऐसे देशों में व्याप्त है, जहां घने जंगल है और मलेरिया का प्रकोप है। आगे चलकर यह रोग रोजी-रोटी के तलाश में जाने वाले प्रवासी अश्वेत लोगों के माध्यम से अमेरिका और यूरोप तक पहुंचा। विश्व सिकल दिवस के अवसर विश्व समुदाय एकजुट होकर लाखों सिकल ग्रसित परिवारों को संबल प्रदान करता है-जो इस अनुवांषिक व्याधि से व्यथित है। संयुक्त राष्ट्र संगठन ने विशेष रुप से कहता है कि सभी प्रभावित देशों एवं पंजीकृत सेवा संस्थाओं को एकजुट होकर सिकल रोग पर जन-चेतना का प्रसार और इलाज का प्रयास करना होगा। हमें सब मिलकर अनुसंधान, नवाचार और आवष्यक वित्तीय सहायता को बढ़ावा देना होगा।

*भारतवर्ष में सिकल सेलः* वर्ष 1952 तक भारतवर्ष में इस बीमारी पर जानकारी का अभाव था। समय के साथ ज्ञात हुआ कि भारत के कुछ प्रदेशों के अदिवासी पिछड़े और वंचित लोगों का एक बड़ा वर्ग इस अनुवांशिक व्याधि से प्रभावित है। यहां यह बतलाना आवश्यक है कि विकसीत और विकासशील देशों में स्वास्थ्य सेवाओं और आर्थिक बजट में एक बहुत बड़ा गेप या अन्तर है। हमें एकजुट होकर सिकल रोग से व्याधित व्यक्तियों के परिवारों को संबल और सहायता पहुंचाना है-जो इस वंशानुगत रक्त विकार के साथ जी रहे हैं। वर्ष 2026 का विश्व सिकल दिवस का दिन सिर्फ जनजागरण का दिन नही हैं बल्कि जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने और बेहतर सुविधाओं की वकालत के लिए एक वैश्विक अभियान भी है।

छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के साथ ही राज्य में सिकल सेल व्याधि पर संज्ञान लिया गया। छत्तीसगढ़ की विधानसभा में वर्ष 2008 को सर्वसम्मति से सिकल सेल पर नियंत्रण का संकल्प भी सर्वसम्मति से पास हुआ। रायपुर में सिकल सेल रोग पर एक अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस के आयोजन में विश्व का ध्यान आकर्षित करने का प्रस्ताव पारित कर भारत के महामहिम राष्ट्रपति को सौंपा गया। भारत में राष्ट्रीय स्तर पर सिकल कार्यों को प्रगति तब मिली जब भारत के आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इसका संज्ञान लिया। विगत वर्ष सिकल सेल की रोकथाम के लिये ''मिशन मोड'' पर वृहत प्रयास का प्रारंभ करते हुये, आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने मध्यप्रदेश के शहडोल में एक विशेष ''सिकल नियंत्रण केन्द्र'' की स्थापना की।

## प्रसन्नता बन जाए परमात्मा



संकलित

दर्शन

व्यक्ति का चित्त प्रसन्न रहे तो परमात्मा के दर्शन हो जाएं। यह प्रसन्नता ही परमात्मा बन जाए। मगर आज के भागदौड़ भरे और तनाव के दौर में यह प्रसन्नता आए कैसे? तमाम लोग पैसा कमाने की भागदौड़ में लगे हैं। कोई भी ग्रंथ हो, धर्म हो, अध्यात्म हो, पैसा कमाने के लिए मना नहीं करता, लेकिन धन कमाते हुए भी यदि प्रसन्नता नहीं है तो कहीं पर ठहर कर कुछ विचार तो करना ही चाहिए। कथाओं में एक बात मैं अक्सर कहता रहता हूं। हमारे ग्रंथों में अपनी कुल आय का दशांश निकालने पर बल दिया गया। दशांश यानी जो भी आप महीने में कमा रहे हैं, उसका दस प्रतिशत हिस्सा समाज के लिए, जरूरतमंद लोगों के लिए खर्च किया जाना चाहिए। आप दो लाख रुपये कमा रहे हैं तो 20 हजार निकाल दें। आपको लगता है कि 20 हज़ार ज्यादा हैं, आप नहीं निकाल पाएंगे तो एक लाख ही कमाएं। फिर दस हजार ही निकालने होंगे। आपाधापी में लोग प्रसन्न रहना तो जैसे भूलते जा रहे हैं। अध्यात्म में प्रसन्न रहने का बहुत महत्व बताया गया है। हर व्यक्ति को प्रसन्न रहना चाहिए, क्योंकि प्रसन्नता परमात्मा तक पहुंचने का द्वार है। हमें प्रसन्न रहते हुए स्वयं की खोज करनी चाहिए। हम दूसरों को ढूंढ़ने और उनमें कमियां व खूबियाँ खोजने में लगे रहते हैं। एक नजर हमें खुद पर भी डालनी चाहिए। व्यक्ति स्वयं की खोज करें, समाज की सेवा करे और परमात्मा से प्रेम करे, उसका भजन करें, आज के समय में प्रसन्न रहने के लिए यह पर्याप्त है। बहुत ज्यादा साधनों में उलझने की आवश्यकता नहीं है।

## विद्वत्ता पर कभी घमंड न करें



संकलित

प्रेरणा

महाकवि कालिदास रास्ते में थे। प्यास लगी। वहां एक पनिहारिन पानी भर रही थी। कालिदास बोले- माते! पानी पिला दीजिए बड़ा पुण्य होगा। पनिहारिन बोली- बेटा मैं तुम्हें जानती नहीं। अपना परिचय दो। मैं पानी पिला दूंगी। कालिदास ने कहा- मैं मेहमान हूँ, कृपया पानी पिला दें। पनिहारिन बोली- तुम मेहमान कैसे हो सकते हो ? संसार में दो ही मेहमान हैं। पहला धन और दूसरा यौवन। इन्हें जाने में समय नहीं लगता। सत्य बताओ कौन हो तुम ? तर्क से पराजित कालीदास अवाक रह गए। कालिदास बोले- मैं सहनशील हूं। अब आप पानी पिला दें। पनिहारिन ने कहाः नहीं, सहनशील तो दो ही हैं। पहली, धरती जो पापी-पुण्यात्मा सबका बोझ सहती है। उसकी छाती चीरकर बीज बो देने से भी अनाज के भंडार देती है, दूसरे पेड़ जिनको पत्थर मारो फिर भी मीठे फल देते हैं। तुम सहनशील नहीं। सच बताओ तुम कौन हो? कालिदास मूर्च्छा की स्थिति में आ गए और तर्क-वितर्क से झल्ला उठे! कुछ बोल न सकने की स्थिति में कालिदास वृद्धा पनिहारिन के पैर पर गिर पड़े और पानी की याचना में गिड़गिड़ाने लगे! वृद्धा ने कहा- उठो वत्स! आवाज़ सुनकर कालिदास ने ऊपर देखा तो साक्षात माता सरस्वती वहां खड़ी थी, कालिदास पुनः नतमस्तक हो गए। मां ने कहा- शिक्षा से ज्ञान आता है न कि अहंकार से। तूने शिक्षा के बल पर प्राप्त मान और प्रतिष्ठा को ही अपनी उपलब्धि मान लिया और अहंकार कर बैठे इसलिए मुझे तुम्हारे चक्षु खोलने के लिए ये स्वांग करना पड़ा।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### पूजा स्थलों का धन चुराना महापाप

चोरी को अपने आप में ही महापातक माना जाता है। बताते हैं कि चोरी करने से मिलने वाला पाप लगभग ब्रह्महत्या, गुरुहत्या, गौहत्या के ही बराबर होता है। और जो धार्मिक, आध्यात्मिक स्थल (मंदिर) में चोरी करे, उसके पापों का हिसाब लगाया जा सकता है। लेकिन कुछ और तथ्यों की जांच-पड़ताल और जानकारी भी बहुत जरूरी है। सामान्य और विशेष, सभी परिस्थितियों में मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा, गोम्पा व अन्य पूजा स्थल पर चढ़ावे के रूप में प्राप्त होने वाले करोड़ों-अरबों रुपए का लोग क्या करते हैं, कितना धन जनसेवा, लोक कल्याण में लगता है, और कितना व्यक्तिगत रूप से प्रयोग/दुरुपयोग किया जाता है। ऐसा भी अक्सर देखने में आता है कि बहुत सारे लोग इस प्रकार के धन से अपने संपूर्ण परिवार को न सिर्फ पालते ही हैं, बल्कि ऐश्वर्य, वैभव की जिंदगी जीते हैं।

*- विवेक चौहान, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

### हाल के वर्षों में 'योग' चीन में काफी लोकप्रिय हो गया

चीन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत की प्राचीन आध्यात्मिक व शारीरिक स्वास्थ्य पद्धति योग और चीन की 'एक्यूपंक्चर' और मार्शल आर्ट्स दोनों देशों के बीच साझा सभ्यतागत संबंधों को दर्शाते हैं। चीन अंतरराष्ट्रीय विकास सहयोग एजेंसी (सीआईडीसीए) के अध्यक्ष लूओ जोहुई ने बुधवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा- हाल के वर्षों में योग चीन में बहुत लोकप्रिय हो गया है। इसी तरह, चीन की एक्यूपंक्चर और मार्शल आर्ट्स भारत में काफी मशहूर है। उन्होंने इस अवसर पर संयुक्त राष्ट्र के पूर्व राजनयिक सिद्धार्थ चटर्जी की पुस्तक 'माय फाइव टू थ्राइव' का विमोचन किया।



## ऑफ बीट

### विश्व का सबसे बड़ा जलवायु खतरा जो दिखता नहीं



अटलांटिक महासागर की गहराइयों में पानी का एक विशाल प्रवाह उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों से गर्मी को ग्रीनलैंड की ओर ले जाता है। इसे 'अटलांटिक मेरिडियोनल ओवरटर्निंग सर्कुलेशन' कहा जाता है। यह पूरी प्रक्रिया अधिकांशतः हमारी नजरों से दूर होती है, इसलिए वर्षावनों, ध्रुवीय हिम आवरण या जलवायु को नियंत्रित करने वाली अन्य विशाल प्रणालियों जैसी सार्वजनिक पहचान इसे नहीं मिली। हाल के अध्ययनों से संकेत मिले हैं कि यह प्रणाली कमजोर पड़ रही है। यदि इसकी गति और धीमी होती है तो दुनिया के लगातार गर्म होने के बावजूद उत्तरी यूरोप में सर्दियां कहीं अधिक ठंडी हो सकती हैं।

## ट्रेंड

### विकास यात्रा को अभूतपूर्व गति



मोदी सरकार के 12 वर्ष विकास व विरासत के संगम का स्वर्णिम कालखंड रहे है। इन वर्षों में श्रीराम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का निर्माण हुआ व पीएम आवास, आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने विकास यात्रा को अभूतपूर्व गति दी। -अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### शानदार हज



इस साल का हज इतिहास का सबसे शानदार हज था। हजारों की संख्या में हाजियों ने सरकार का शुक्रिया अदा किया है...इस शानदार हज के कारण भारत को दो पुरस्कार मिले है। 1.75 लाख हाजियों का फीडबैक अच्छा रहा...सब काम समय पर हुआ। पहली बार 'शॉर्ट ड्यूरेशन हज' की शुरुआत की गई। -किरेन रीजीजू, केंद्रीय मंत्री

### नीटः 1.32 लाख करोड़ खर्च



हर साल नीट परीक्षा देने वाले 22 लाख छात्रों से सिस्टम के जरिए 1.32 लाख करोड़ खर्च कराए जाते हैं। यह रकम देश के शिक्षा बजट 1.40 लाख करोड़ के लगभग बराबर है। मैं एक बात और जोड़ना चाहती हूं कि सरकार ने पसंदीदा कारोबारियों के जो लोन माफ किए, वे 16 लाख करोड़ रुपये है। -प्रियंका गांधी, सांसद, कांग्रेस

### भ्रष्टाचार खत्म होगा



पश्चिम बंगाल कर नई भाजपा सरकार ने उन असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है, जिन्हें पिछली सरकार का संरक्षण प्राप्त था। सरकार धमकाने की संस्कृति और भ्रष्टाचार के गिरोहों को भी खत्म करेगी।' प्रदेश का संपूर्ण विकास होगा। -आर. एन. रवि, राज्यपाल, बंगाल

## संक्षेप

### विवाद में बुजुर्ग की हत्या

**मुख्य आरोपी समेत तीन गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी**

अमेठी ,दलशाहपुर सैदपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर एक बुजुर्ग रामफली पाल की लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई।इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यह घटना बुधवार देर रात अमेठी कोतवाली क्षेत्र में हुई। मृतक के बेटे सुनील कुमार की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने देर रात चली छापेमारी में पांच नामजद आरोपियों में से मुख्य अभियुक्त कृष्ण कुमार सिंह सहित तीन को हिरासत में ले लिया है। मुख्य आरोपी कृष्ण कुमार सिंह से गहन पूछताछ की जा रही है, जिससे हत्या की वजह और पूरी साजिश का खुलासा होने की उम्मीद है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी के अनुसार, नामजद अन्य दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। जल्द ही सभी फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के बाद दलशाहपुर सैदपुर गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस ने एहतियातन गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया है ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे और माहौल न बिगड़े। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पुजारी के हमलावरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शिवरतनगंज में दो आरोपी लाठी-डंडा राड सहित गिरफ्तार**

अमेठी, शिवरतनगंज पुलिस ने दतहरेश्वर मंदिर के पुजारी वीरेंद्र गोस्वामी पर हुए हमले के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना सिंहपुर ब्लॉक के रामपुर पवारा स्थित दतहरेश्वर मंदिर के पुजारी से साथ घटित हुई थी। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हमले में इस्तेमाल की गई एक लोहे की रॉड और एक बांस का डंडा भी बरामद किया है। रॉड और बांस का डंडा बरामद गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद कलीम (लगभग 38 वर्ष) और मोहम्मद हलीम खान (लगभग 35 वर्ष) के रूप में हुई है। ये दोनों अकबरपुर फर्सी, थाना शिवरतनगंज, जनपद अमेठी के निवासी हैं। पुलिस ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर इन्हें पकड़ा। मुखबिर की सूचना हुई गिरफ्तारीयह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। बीएनएस के तहत मामला दर्ज आरोपियों के खिलाफ शिवरतनगंज थाने में मुकदमा संख्या 62/26 धारा 115(2), 352, 351(3), 109 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष दयाशंकर मिश्रा ने बताया कि पुजारी वीरेंद्र गोस्वामी पर हमला करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# नवाबगंज: उत्साह के साथ परिषदीय स्कूलों में मनाया गया योग दिवस

**12वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बच्चों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा**

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। नवाबगंज शिक्षा क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हर तरफ रही धूम। सीमावर्ती क्षेत्र के नगर पंचायत रूपईडीहा, श्री रमेशचंद्र इंटर कॉलेज साकेत नगर रूपईडीहा, श्री राम प्यारे इंटर कॉलेज बाबागंज, क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय दुगार्पुर, मिजार्पुर तिलक, बसंतपुर उदल, किंगहरियन पुरवा, गोपालपुर, शंकरपुर, कल्याणपुर, बनकुरी, बसभरिया, सहाबा सहित समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्कूलों, कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय बाबागंज में प्रातः 5 से 8 बजे तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर अलग-अलग हिस्सों में भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम में आम जनमानस के साथ ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, समाजसेवी, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने योग की बारीकीया सीखी। योगाभ्यास कराते हुए प्रशिक्षक ने सभी को विभिन्न रोगों को दूर करने एवं स्मरण शक्ति बढ़ाने के बारे में जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने योग से होने वाले लाभो को गिनाया। इस दौरान शिविर में सभी को सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, कपालभाति, त्रिकोणासन, मत्स्यासन, अनुलोम-विलोम सहित अन्य आसानो कों कराया गया।

राधेश्याम वर्मा खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज ने कहा कि योगाभ्यास शरीर और मस्तिष्क की सेहत के लिए फायदेमंद है,योग भारतीय ऋषि मुनियों के समय से होता आ रहा है मनुष्य योग के बदौलत ही लम्बा एवं स्वस्थ जीवन जीता है। उन्होंने लोगों से नियमित योग करने की अपील की।

डॉ हरीशचंद्र उर्फ बंटू भैया प्राचार्य श्री रमेश चंद्र इंटर कॉलेज रुपईडीहा नें कहा कि आज पूरे विश्व में योग दिवस मनाया जा रहा है जो हर हिंदुस्तानियों के लिए गर्व की बात है। स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए हर व्यक्ति को अपने जीवन में योग अपनाना चाहिए और बच्चों को भी योग के प्रति प्रेरित करना चाहिए।

डॉ उमाशंकर वैश्य चेयरमेन आदर्श नगर पंचायत रूपईडीहा ने कहा कि आज की इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में मानसिक तनाव और शारीरिक बीमारियों से मुक्त रहने के लिए योग सबसे उत्तम और सरल साधन है।

जय प्रकाश सिंह ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज नें योग दिवस पर बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में योगाभ्यास करना चाहिए इससे वह शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहते है। योग जहां व्यक्ति को फिट रखता है तो वहीं कई बीमारियों से बचाता भी है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बच्चों और युवाओं ने किया योगाभ्यास

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। एकल अभियान विद्यालय, ग्राम भदवानी में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व फखरपुर संच प्रमुख आरती पाल ने किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में बच्चों, युवाओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया तथा नियमित योग अपनाकर स्वस्थ और निरोग जीवन जीने का संकल्प लिया। योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए उनके शारीरिक एवं मानसिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से अनेक बीमारियों से बचाव संभव है और जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आता है।

इस दौरान योग आचार्य विवेकानंद, संच प्रशिक्षक पुष्पलता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की छापामारी



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। सहायक आयुक्त खाद्य अमर सिंह वर्मा ने बताया कि आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, बहराइच द्वारा 18 से 20 जून 2026 तक जनपद में संचालित किये गये विशेष अभियान अन्तर्गत मेसर्स शरद जनरल स्टोर, वजीरबाग से देशी घी (अन्नापूर्णा ब्राण्ड), मेसर्स शिवाय डेयरी, सिंघल कोल्ड स्टोरेज से मिश्रित दूध (गाय-भैंस), मेसर्स स्वदेश मिल्क प्रोडक्ट प्रा.लि., अशोका डीहा से मिश्रित दूध (गाय भैंस), स्वास्तिक ट्रेडर्स, घण्टाघर से देशी घी (राम एण्ड संस ब्राण्ड), मेसर्स जैन वनस्पति स्टोर, सखैय्यापुरा से देशी घी (ज्ञान ब्राण्ड), का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। सहायक आयुक्त खाद्य, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार श्रीवास्तव, आदित्य वर्मा एवं अजय कुमार सिंह द्वारा छापामारी की कार्यवाही सम्पादित की गयी।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल में योग शिविर का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा गिरीश चन्द्र पाण्डेय, कमांडेंट के नेतृत्व में एक भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों को स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

इस अवसर पर वाहिनी के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, जवानों, सुकृति सदस्यों एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग शिविर का शुभारम्भ सामूहिक प्रार्थना के साथ हुआ, जिसके पश्चात प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों को ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति सहित अनेक योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया तथा उनके स्वास्थ्य संबंधी लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमांडेंट गिरीश चन्द् पाण्डेय ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य विरासत है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का सर्वोत्तम माध्यम है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शारीरिक क्षमता में वृद्धि होती है, बल्कि तनाव, चिंता एवं विभिन्न बीमारियों से भी बचाव संभव है। उन्होंने सभी कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

# सड़क दुर्घटना में दो युवकों की दर्दनाक मौत, क्षेत्र में शोक की लहर

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। थाना फखरपुर क्षेत्र अंतर्गत कदियापुर मोड़ के पास शनिवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिदरखा निवासी रवि सिंह पुत्र सूर्यबख्श सिंह ने थाना फखरपुर पहुंचकर प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उनके भाई दीपक सिंह पुत्र सूर्यबख्श सिंह उम्र लगभग 33 वर्ष निवासी ग्राम सिदरखा थाना कैसरगंज जनपद बहराइच तथा अर्पित सिंह पुत्र शिवानन्द उम्र लगभग 22 वर्ष निवासी निहालपुरवा थाना परसपुर जनपद गोण्डा मोटरसाइकिल से जा रहे थे।

इसी दौरान कदियापुर मोड़ के पास अचानक सड़क पर सांड आ जाने से मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना फखरपुर पुलिस मौके पर पहुंची तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई। पुलिस द्वारा फौती सूचना रोजनामचा आम में दर्ज कर उपनिरीक्षक ओमप्रकाश गौड़ को जांच एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। पुलिस के अनुसार मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

# अवैध असलहों के साथ युवक गिरफ्तार

**पुलिस ने तमंचा और जिंदा कारतूस किए बरामद, एक आरोपी पर पहले से दर्ज हैं कई आपराधिक मुकदमे**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत जगदीशपुर थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस ने दो युवकों को अवैध तमंचों और जिंदा कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां अलग-अलग स्थानों से की गईं। पुलिस ने कादूनाला-थौरी रोड स्थित नेवादा मोड़ के पास से त्रिलोकीपुर निवासी 23 वर्षीय अखिलेश कुमार को पकड़ा। उसके कब्जे से एक 12 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। अखिलेश के खिलाफ थाना भाले सुल्तान में आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मुकदमा संख्या 94/26 दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया गया है। इसी क्रम में, वारिसगंज-जामो रोड पर टांडा गांव के पास से पलिया पूरब निवासी 25 वर्षीय सूरज को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस मिला। पुलिस ने सूरज के विरुद्ध मुकदमा संख्या 93/26, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उसे भी न्यायालय में पेश किया। पुलिस अभिलेखों के अनुसार, आरोपी सूरज का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ पूर्व में कई मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें थाना मुसाफिरखाना में मुकदमा संख्या 192/25 और मुकदमा संख्या 295/18 (धारा 323, 504, 506 भादवि) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, धारा 127(2), 62, 64, 74, 76 बीएनएस एवं 18/7/8 पॉक्सो एक्ट से संबंधित मामला तथा थाना जीआरपी फरुर्खाबाद में मुकदमा संख्या 29/17 (धारा 379/411 भादवि) भी दर्ज है।

# ई-पंजीकरण के विरोध में अधिवक्ताओं की हड़ताल

**रजिस्ट्री का काम प्रभावित, मांगें पूरी न होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी**

अमन लेखनी समाचार




अमेठी , प्रदेश में प्रस्तावित ई-पंजीकरण व्यवस्था के विरोध में अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों, स्टाम्प वेंडरों और टाइपिस्टों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। तहसील कोल सहित पूरे प्रदेश के उपनिबंधन कार्यालयों में कामकाज ठप रहा, जिससे रजिस्ट्री और पंजीकरण संबंधी कार्य बुरी तरह प्रभावित हुए। आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया है कि सरकार ने पर्याप्त विचार-विमर्श किए बिना यह नई व्यवस्था लागू की है, जो उनकी आजीविका पर सीधा हमला है। उनका कहना है कि ई-पंजीकरण से हजारों लोगों का रोजगार खतरे में पड़ जाएगा। तहसील राजस्व बार एसोसिएशन, तहसील कोल के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने उपनिबंधन कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से हितधारकों की राय लिए बिना निर्णय लेने पर सवाल उठाए। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन केवल अलीगढ़ तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में अधिवक्ता और संबंधित वर्ग एकजुट होकर इसका विरोध कर रहे हैं। प्रदेशभर में रजिस्ट्री कार्यालयों में कामकाज प्रभावित होने से आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। धरना स्थल पर वक्ताओं ने ई-पंजीकरण व्यवस्था को तत्काल वापस लेने की मांग दोहराई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने यह आदेश निरस्त नहीं किया तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने इसे अपने अधिकारों, रोजगार और व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने की लड़ाई बताया। लगातार दूसरे दिन हड़ताल जारी रहने से सरकार और आंदोलनकारियों के बीच गतिरोध बना हुआ है। अब सभी की निगाहें सरकार की आगामी प्रतिक्रिया और संभावित वार्ता पर टिकी हैं।

# रंगदारी गिरोह के दो गुर्गे गिरफ्तार

**फाइनेंस ऐप से गाड़ियों की लोकेशन ट्रैक कर करते थे अवैध वसूली**

अमन लेखनी समाचार




सुल्तानपुर ,अखंडनगर पुलिस ने अंतरजनपदीय रंगदारी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह एक फाइनेंस ऐप के पुराने पासवर्ड का दुरुपयोग कर गाड़ियों की लोकेशन ट्रैक करता था और अवैध वसूली करता था। गिरोह नामक फाइनेंस ऐप का इस्तेमाल कर वाहनों को ट्रैक करता था। इसके बाद किश्त बकाया होने का डर दिखाकर वाहन मालिकों या चालकों से मोटी रकम वसूलता था। पुलिस ने इन सक्रिय सदस्यों को रंगदारी के रुपयों के साथ पकड़ा है। यह मामला प्रकाश में आया, जब अंबेडकरनगर के जौनपुर (कोल्हूपारा) निवासी नीरज कुमार ने अखंडनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित ने बताया कि उनके चालक संतोष को उनकी गाड़ी ले जाते समय रोका गया था। बदमाशों ने चालक के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। उन्होंने गाड़ी सीज करने की धमकी देकर जबरन 5,000 रुपये नकद और फिर फोन-पे के माध्यम से 5,000 रुपये, कुल 10,000 रुपये की रंगदारी वसूली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में खुलासा हुआ कि गिरोह का मुख्य सदस्य अनुभव श्रीवास्तव पहले एक इंश्योरेंस एजेंट फाइनेंस कंपनी में काम करता था। उसने कंपनी के ऐप के पुराने पासवर्ड का दुरुपयोग किया। इस ऐप की मदद से वे किसी भी गाड़ी की बकाया किश्त और उसकी लाइव लोकेशन का पता लगा लेते थे। इसके बाद वे रास्ते में गाड़ी को रोककर वाहन मालिक या चालक को डराते-धमकाते थे और रिकवरी के नाम पर अवैध वसूली करते थे। पुलिस ने मीरपुर प्रतापपुर गिमटिया फाटक के पास घेराबंदी कर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से रंगदारी के 2,000 रुपये भी बरामद हुए हैं।

# 8 सिपाहियों पर मुकदमा दर्ज

**फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित कोटे से नौकरी पाने का आरोप**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,पुलिस सीधी भर्ती-2023 के तहत एक बड़ा फजीर्वाड़ा सामने आया है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित कोटे का लाभ लेने के लिए फर्जी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने वाले आठ आरक्षियों के खिलाफ कोतवाली सिटी में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले के खुलासे के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। इस प्रकरण का खुलासा उप-निरीक्षक राजेश कुमार यादव ने किया, जो पूर्व में पुलिस लाइंस में आरटीसी प्रभारी थे। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि जनपद में तैनात कुछ आरक्षियों ने भर्ती के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित होने का दावा करते हुए जाली प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए थे। संदेह होने पर क्षेत्राधिकारी स्तर से इन प्रमाण पत्रों की जांच संबंधित जिलों में कराई गई। जांच में यह तथ्य सामने आया कि जिन जनपदों से प्रमाण पत्र जारी होने का दावा किया गया था, वहां से ऐसे कोई प्रमाण पत्र जारी ही नहीं हुए थे। इससे स्पष्ट हो गया कि इन अभ्यर्थियों ने नौकरी पाने के लिए फर्जी दस्तावेजों का सहारा लिया था। पुलिस ने इस मामले में अभिषेक पाण्डेय, शुभम दूबे, रविशंकर, प्रदीप कुमार, अजय कुमार, खुशबू गुप्ता, आकाश मिश्रा और दिव्यांशू यादव के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और कूट रचना से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# लड़कियों से छेड़छाड़, तीन युवक गिरफ्तार

**पुलिस के सामने हाथ जोड़कर लगड़ाते हुए मांगी माफी, बोले- अब ऐसा नहीं करेंगे**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ ,लड़कियों से छेड़छाड़ और अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों ने पुलिस के सामने हाथ जोड़कर माफी मांगी, लेकिन पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। यह मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के भगवा इलाके का है। आरोप है कि कुछ लड़कियां अपने परिजनों के साथ बाजार जा रही थीं, तभी रुबान, आदिल और शाहबाज नामक युवकों ने उन पर फब्तियां कसनी शुरू कर दीं। विरोध करने पर आरोपियों ने न सिर्फ छेड़छाड़ की, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। घटना से आक्रोशित पीड़ित परिवार गुरुवार को थाने पहुंचा और तीनों आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हालांकि आज शुक्रवार को पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थाने लाए जाने पर आरोपियों का रवैया बदल गया और वे पुलिस के सामने हाथ जोड़कर लगड़ाते हुए माफी मांगने लगे। उन्होंने भविष्य में ऐसी हरकत न करने का भरोसा भी दिलाया। हालांकि, पुलिस ने इस मामले में कोई नरमी नहीं दिखाई है। पुलिस का कहना है कि महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तीनों आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़, अभद्रता और धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# आप ने लगाए चंदा चोरों गद्दी छोड़ो के नारे

## प्रयागराज में सड़क पर उतरे नेता, भीड़ मांगकर चंपत राय को भेजेंगे चेक

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, अयोध्या राम मंदिर के दान के रुपये चोरी होने के मामले पर राजनीति गरमाई है। प्रयागराज में सड़क पर उतर विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। रविवार को आम आदमी पार्टी के नेताओं ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी ने जिला मुख्यालय और चौराहे पर विरोध कर इसे भिक्षाटन का नाम दिया। आप नेताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम के नाम पर श्रद्धालुओं द्वारा दान किए गए धन और चढ़ावे में लूट और राम भक्तों की आस्था के साथ हो रहे खिलवाड़ के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा। आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश के प्रभारी संजय सिंह के आवाह्न पर जिला मुख्यालयों और प्रमुख चौराहों पर भिक्षाटन




कार्यक्रम आयोजित किया गया।420 रुपये का चेक चंपत राय कोआम आदमी पार्टी प्रयागराज के जिलाध्यक्ष सर्वेश यादव के नेतृत्व एवं काशी प्रांत अध्यक्ष पवन तिवारी की उपस्थिति मे कार्यकताओं ने हाथों में गमछा लेकर और तख्तियां लेकर धरना स्थल पत्थर गिरजाघर से सिविल लाइंस सुभाष चौराहे की तरफ नारे लगाए। सिविल लाइंस में पुलिस ने प्रदर्शन करने वालों को रोक लिया। इसके बाद आप कार्यकताओं ने भीख मांगते हुए प्रदर्शन किया। आप नेताओं ने कहा कि भीख के 420 का चेक तैयार कर चंपत राय को भेजा जाएगा। चंदा चोरों गद्दी छोड़ोकार्यकताओं ने ₹चंदा चोरों गद्दी छोड़ो₹, ₹राम भक्तों का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान₹ और ₹श्रीराम के नाम पर भ्रष्टाचार बंद करो₹ जैसे नारे लगाए तथा दान और चढ़ावे में हुई लूट की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। जिलाध्यक्ष सर्वेश यादव ने कहा कि प्रभु श्री राम हम सभी की आस्था और मयार्दा के सर्वोच्च प्रतीक हैं। उनके भव्य मंदिर निर्माण के नाम पर देश-विदेश के करोड़ों श्रद्धालुओं ने अपनी गाढ़ी कमाई समर्पित की थी। लेकिन आरएसएस और भाजपा के लोग जो खुद को धर्म का ठेकेदार बताते हैं, उन्हीं के पदाधिकारियों द्वारा इस पवित्र चंदे में लूट की जा रही है।उन्होंने कहा कि हम चंपत राय को ?420 का डिमांड ड्राफ्ट भेजकर यह संदेश दे रहे हैं कि वे प्रभु के मंदिर के पैसों पर डाका डालना बंद करें।

# 8 हजार लोगों ने संगम पर किया योग

## डिप्टी सीएम केशव मौर्य बोले- दुनिया ने अपनाया भारत का योग

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को संगम तट पर एक भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। ₹योगा फॉर हेल्दी एजिंग₹ थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में 8 हजार से अधिक लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य इस आयोजन के मुख्य अतिथि थे।इस अवसर पर फूलपुर से भाजपा सांसद प्रवीण पटेल, पार्टी के अन्य जनप्रतिनिधियों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी योग किया। सुबह से ही संगम तट पर उत्साह का माहौल था, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सामूहिक योग में भाग लिया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान



मिली है। उन्होंने बताया कि 12 वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ के माध्यम से पूरी दुनिया से योग अपनाने का आह्वान किया था।आज 190 से अधिक देशों ने योग को अपनाया है, और विभिन्न धर्मों व संस्कृतियों के लोग स्वस्थ जीवन के लिए इसे महत्व दे रहे हैं। राजनीतिक सवालों के जवाब में डिप्टी सीएम ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनता का विश्वास भाजपा के प्रति लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में भाजपा तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, पीडीए वीसी ऋषि राज और बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भी हजारों लोगों के साथ योगाभ्यास किया।

## संक्षेप

### सरकारी खाद गड्ढे से हटा अवैध कब्जा

**नायब तहसीलदार वंशिका सिंह की मौजूदगी में चला बुलडोजर**

बागपत, तहसील क्षेत्र के पिलाना गांव में सरकारी खाद गड्ढे की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। नायब तहसीलदार वंशिका सिंह की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण और कब्जे को हटाया गया। यह कार्रवाई राजस्व विभाग और पुलिस बल की उपस्थिति में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। प्रशासन को गांव में स्थित खाद गड्ढे की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा लंबे समय से कब्जा किए जाने की शिकायत मिली थी। शिकायत के आधार पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर जांच की, जिसमें सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की पुष्टि हुई। इसके बाद कार्रवाई का निर्णय लिया गया। नायब तहसीलदार वंशिका सिंह ने बताया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन और प्रशासन के निदेशानुसार सार्वजनिक और सरकारी संपत्तियों को कब्जा मुक्त कराने का अभियान लगातार जारी है। जहां भी सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत मिलेगी, वहां नियमानुसार जांच कर कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराना जनहित में आवश्यक है। कब्जे हटने के बाद अब खाद गड्ढे की भूमि का उपयोग उसके मूल उद्देश्य के लिए किया जा सकेगा। प्रशासन ने लोगों से सरकारी भूमि पर कब्जा न करने और अवैध कब्जे की सूचना तत्काल अधिकारियों को देने की अपील की है।

### मछली पकड़ते समय जाल में फंसी डेड बॉडी

**सिसाना गांव के पास यमुना खादर में मिली लाश, पुलिस जांच में जुटी**

बागपत, शहर कोतवाली क्षेत्र के सिसाना गांव स्थित यमुना खादर में एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। यह शव तब मिला जब कुछ निजी गोताखोर मछली पकड़ रहे थे और उनका जाल यमुना में डाला गया। निजी गोताखोर इरफान अपने तीन अन्य साथियों के साथ मछली पकड़ने के लिए यमुना खादर पहुंचे थे। जैसे ही उन्होंने अपना जाल यमुना में डाला, एक डेड बॉडी उसमें फंस गई। मछुआरों ने जब जाल बाहर निकाला तो उसमें एक युवक का शव फंसा हुआ था। शव की शिनाख्त के प्रयास किए मृतक की उम्र लगभग 31 वर्ष बताई जा रही है और उसके हाथ पर 'ओम' लिखा हुआ है। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई।

### शिकायत पर्ची नंबर से हल होगी समस्या

**पीड़ितों की सुविधा के लिए पुलिस की पहल, ऑफिस के चक्कर लगाकर नहीं होंगे परेशान**

मेरठ, पुलिस ने शिकायतकताओं की सुविधा के लिए अब पर्ची नंबर से मदद की सुविधा शुरू की है। इसके तहत शिकायतकताओं को एक पर्ची दी जाएगी। उस पर्ची पर एक नंबर होगा। शिकायतकर्ता की शिकायत पर क्या अपडेट है, मामला कहां तक पहुंचा इसकी जानकारी के लिए उसे एसपी सिटी कार्यालय आने की जरूरत नहीं होगी। बल्कि वो घर बैठे ही अपनी पर्ची के नंबर के आधार पर मोबाइल कॉल के जरिए अपनी शिकायत का अपडेट ले सकेगा। बार बार नहीं लगाने होंगे दफ्तर के चक्कर जनसुनवाई को और उपयोगी, सुविधाजनक बनाने के लिए यह सिस्टम शुरू किया गया है।

# ललिता गौतम मर्डर के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रदर्शन

**अपहरण के बाद गला घोंटकर की थी हत्या, शव जलाकर सबूत मिटाए थे**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, 21 वर्षीय छात्रा ललिता गौतम की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई। उसका अधजला शव उकसिया के जंगल से बरामद हुआ था। इस जघन्य घटना में शामिल शेष आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष आरोपियों की गिरफ़्तारी के लिए परिजनों ने प्रदर्शन किया और प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ललिता गौतम (21) मेरठ रोहटा थाना क्षेत्र के थिरोट गांव निवासी वेदप्रकाश की पुत्री थीं। वह बीए अंतिम वर्ष की छात्रा थीं। 15 मई 2026 को वह आरजी पीजी कॉलेज, मेरठ में परीक्षा देने घर से निकली थीं।निर्धारित समय पर घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों और परिचितों से पूछताछ के बाद भी जब कोई जानकारी नहीं मिली, तो उसी दिन 15 मई को थाना टीपी नगर में गुमशुदगी दर्ज कराई गई दो दिन बाद, 17 मई को थाना रोहटा, जिला मेरठ से सूचना मिली कि उकसिया के जंगल क्षेत्र में एक युवती का अधजला शव मिला है। परिजनों को पहचान के लिए बुलाया गया, जहां उन्होंने शव की पहचान अपनी पुत्री ललिता गौतम के रूप में की।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। अपराधियों ने साक्ष्य नष्ट करने के उद्देश्य से शव को जलाने का भी प्रयास किया था। पुलिस के अनुसार, इस घटना में एक से अधिक व्यक्ति शामिल थे। दलित संगठन ने कमिश्नरी पार्क में एकत्रित होकर प्रदर्शन किया।

उन्होंने इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देते हुए कार्रवाई की मांग की। उनका कहना है कि यदि कार्रवाई नहीं की गई तो दलित संगठन सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेगा।

# नैनीताल हादसे के घायल मोनिस ने सुनाई आपबीती

## बोला-ड्राइवर ने खुद कहा था ब्रेक फेल हो गया, फिर भी गाड़ी चलाता रहा

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, नैनीताल-कालाढूंगी मार्ग पर टेंपो ट्रैवलर के खाई में गिरने से 2 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 21 लोग घायल हो गए। देर रात शव मेरठ के फैक्ट्री इलाके में पहुंचा तो मातम छा गया। घायल मोनिस ने कहा- कालाढूंगी मार्ग पर कुछ दूरी चलने के बाद चालक शहजाद ने कहा- गाड़ी के ब्रेक फेल हो गए हैं और गाड़ी अधिक गर्म हो गई है। उसने कुछ देर के लिए वाहन रोक भी लिया था। मोनिस ने कहा- उस समय रात करीब 8:15 बजे थे। गाड़ी में बैठे कई लोगों को उल्टियां हो रही थीं, इसलिए सभी लोग नीचे उतर गए। आसपास जंगल होने और जानवरों की आवाजें आने के कारण कुछ देर बाद सभी लोग वापस वाहन में बैठ गए। इसी दौरान चालक भी गाड़ी में बैठा और ट्रैवलर लेकर चल दिया।मोनिस ने कहा- चालक को यात्रियों को साफ-साफ बताना चाहिए था कि वाहन चलाने की स्थिति में नहीं है। दूसरी गाड़ी की व्यवस्था कर लो, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया और वाहन चलाता रहा। उन्होंने बताया कि आगे चलकर कई खतरनाक मोड़



आए। चालक दो मोड़ तो पार कर गया, लेकिन तीसरे मोड़ पर वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। मोनिस ने कहा, ₹ड्राइवर कह रहा था कि वह 20 साल से गाड़ी चला रहा है, लेकिन उसकी ड्राइविंग देखकर लगा कि वह पहली बार पहाड़ी रास्ते पर वाहन चला रहा था। जहां गियर डाउन करना चाहिए था, वहां उसने वाहन न्यूट्रल कर दिया। 30 फीट नीचे खाई में गिरी ट्रैवलर, पेड़ ने बचाईं जानें मोनिस ने कहा-हादसे के बाद लगा कि अब कोई नहीं बचेगा। वाहन सड़क से करीब 30 फीट नीचे खाई में जा गिरा था, लेकिन रास्ते में एक पेड़ से टकराकर रुक गया। अगर ट्रैवलर पेड़ पर नहीं रुकती तो पूरा वाहन सैकड़ों फीट गहरी खाई में गिर सकता था और बड़ा हादसा हो सकता था। कहा- हादसे के बाद एक किशोर ने वाहन का पिछला शीशा तोड़कर बाहर निकलकर मदद की और परिजनों व पुलिस को सूचना दी। इसके बाद उत्तराखंड पुलिस, एसडीआरएफ और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।महिलाओं के बाहर गिरने की बात से किया इंकार मोनिस ने उन चचाओं को भी खारिज कर दिया जिनमें कहा जा रहा था कि शीशा टूटने से महिलाएं बाहर गिर गई थीं। उन्होंने बताया कि हादसे के समय सभी लोग एक-दूसरे के ऊपर गिर गए थे। इसी दौरान उनकी मामी शहनाज और खाला नाजरीन गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिनकी बाद में मौत हो गई। सात परिवारों के 30 सदस्य गए थे घूमने जानकारी के अनुसार मेरठ के ताला फैक्ट्री निवासी नफीस अपनी पत्नी शहनाज, बेटे जसीम और बेटी सुहेमा के साथ नैनीताल घूमने गए थे। उनके भाई अनीस, पत्नी रुकसाना और बच्चों समेत परिवार के कई सदस्य भी साथ थे।

# रिहान के घरवालों की कुंडली खंगाल रही पुलिस

**करक हैंडलर आबिद जट्ट के नेटवर्क से जुड़ होने की आशंका, अरेस्ट**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, दिल्ली स्पेशल सेल ने करीम नगर से आईएसआई हैंडलर शहजाद भट् टी और आबिद जट्ट के नेटवर्क में काम करने वाले रिहान को अरेस्ट किया है। मेरठ के नौचंदी थानाक्षेत्र के करीम नगर में रहने वाला रिहान स्पेशली आबिद जट्ट के नेटवर्क के लिए काम कर रहा था। उसे आबिद जट्ट के पोस्टर लगाने का टास्क मिला था। पोस्टर लगाते हुए उसने अपना वीडियो भी बनाया था।दो दिन पहले दिल्ली स्पेशल सेल ने इस पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ किया था। जिसमें देश के अलग-अलग ठिकानों से लगभग 8 लोगों को अरेस्ट किया था। इसमें मेरठ का रिहान भी शामिल है जिसे स्पेशल सेल अपने साथ ले गई है। अब लोकल पुलिस रिहान उसके परिवार की हिस्ट्री चैक कर रही है। वहीं स्थानीय स्तर पर मामले की जांच कर रही है।आबिद जट्ट के नेटवर्क से मिला कनेक्शन पूरे मामले की जानकारी देते हुए मेरठ एसपी सिटी विनायक गोपाल भोसले ने बताया दिल्ली स्पेशल सेल ने करीम नगर थाना



नौचंदी निवासी रिहान उम्र 20 साल को अरेस्ट किया है। सेल ने जब रिहान से पूछताछ की और उसकी जांच की है तो पता चला है कि वो पाकिस्तानी संगठन आईएसआई के हैंडलर शहजाद भट्टी और आबिद जट्ट के संपर्क में था। खासतौर से वो आबिद जट्ट से जुड़ा था। उसके नेटवर्क में शामिल था। उसके लिए लगातार काम कर रहा था।वदीर्धारी पुलिसकर्मी पर करना था फायरिंग उसे अलग-अलग टास्क दिया गया था। जिसमें पोस्टर लगवाना, प्रचार करना जैसे टास्क शामिल था। आबिद जट्ट के पोस्टर लगाते हुए रिहान ने वीडियो भी बनाया था इसके लिए उसे 10हजार रुपए देने की बात कही गई थी।

# ट्रक की टक्कर से महिला की मौत

## पति के साथ स्कूटी से जाते समय हादसा, ड्राइवर को हिरासत में लिया

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, सिहानी गेट थाना क्षेत्र में जीटी रोड स्थित भाटिया मोड़ फ्लाईओवर के पास देर रात हुए सड़क हादसे में स्कूटी सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि उनके पति घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।ट्रक की टक्कर से सड़क पर गिरे दंपत्ति जानकारी के अनुसार, राहुल विहार-दौलतपुरा निवासी कल्पना आर्या (46) अपने पति के साथ स्कूटी से जा रही थीं। इसी दौरान भाटिया मोड़ फ्लाईओवर के पास एक ट्रक ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।

### राहगीरों ने पहुंचाई अस्पताल

हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों और राहगीरों ने तुरंत घायलों की मदद की और पुलिस को सूचना दी। सिहानी गेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों को अस्पताल भिजवाया।

### इलाज के दौरान महिला ने तोड़ा दम

पुलिस के मुताबिक, महिला की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें पहले एक नजदीकी अस्पताल और बाद में दूसरे अस्पताल में रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं हादसे में घायल उनके पति का इलाज जारी है।



ट्रक चालक हिरासत में

घटना के बाद पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है। उसका मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ट्रक तेज गति से चलाया जा रहा था, जिसके चलते यह हादसा हुआ।

### कुछ देर बाधित रहा यातायात

हादसे के बाद जीटी रोड पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात को सामान्य कराया।तहरीर मिलने पर दर्ज होगा मुकदमापुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। सिहानी गेट थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों की तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बेटे की हत्या करने वाली मां अरेस्ट

## बैंक मैनेजर प्रेमी से शादी में बेटा बन रहा था रोड़ा, इसलिए मार डाला

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, बहसूमा थानाक्षेत्र में 7 साल के अंगदवीर की हत्या उसकी मां गुरप्रीत ने अपने प्रेमी अर्पित शर्मा के साथ मिलकर की थी। पुलिस पूरे मामले में रात ही आरोपी अर्पित को अरेस्ट कर चुकी थी। अर्पित से हुई पूछताछ और जांच में पता चला कि मां गुरप्रीत भी इस निर्मम हत्याकांड में शामिल है। गुरप्रीत-अर्पित शादी करना चाहते थे। जिसमें बेटा अंगदवीर रोड़ा बन रहा था। इसलिए दोनों ने मिलकर अंगद की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी मां को अरेस्ट कर लिया है। उसे जेल भेजने की तैयारी है। मां ने अपना जुर्म भी कुबूल लिया है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि अंगदवीर की मां इस हत्याकांड में पूरी तरह शामिल है। गुरप्रीत को पता था कि 16 जून को प्रेमी अर्पित उसके बेटे अंगद को कार में लेकर जा रहा है। वो उसे हत्या के लिए ले जा रहा है। इसके बाद गुरप्रीत और अर्पित के बीच लगातार कॉल पर बातचीत होती रही। दोनों के बीच




काफी चैट्स, वीडियोकॉल मिले हैं।

### फोन से डिलीट कर दिए थे सुबूत

पुलिस ने जब गुरप्रीत, अर्पित के मोबाइल चैक किए तो दोनों के बीच बातचीत के सुबूत मिले। वहीं गुरप्रीत ने 16 जून को अर्पित से हुई अपनी बातचीत और कॉल डिटेल्स को डिलीट कर दिया था। जिसे पुलिस ने रिकवर कर लिया। जिसमें दोनों के बीच बातचीत मिली है। 16 जून को भी गुरप्रीत लगातार अर्पित से बात करती रही। जब अर्पित ने उसके बेटे अंगद की हत्या कर दी तब भी दोनों के बीच बातचीत हुई। बेटे की हत्या की बात गुरप्रीत को पता थी। वो भी इस प्लान में पूरी तरह शामिल है। उसके कहने पर ही अर्पित अंगद को अपनी कार में लेकर जंगल गया था।

### दुनिया के सामने अच्छी मां होने का नाटक करती रही

16 जून को जब अंगदवीर के लापता होने की सूचना पुलिस को दी गई तो पुलिस मौके पर जांच के लिए पहुंची। पुलिस को देखकर गुरप्रीत घबरा गई। लेकिन वो सबके सामने एक अच्छी मां होने का ढोंग करती रही। वो बेटे के लिए रोती, बिलखती रही। उसका बेटा कहां चला गया। बारबार पड़ोसियों, रिश्तेदारों के गले लगकर रोती हुई गुरप्रीत अपने बेटे को याद कर रही थी। तभी किसी ने बताया कि पुलिस को सीसीटीवी मिला है। सीसीटीवी में एक वैगनआर दिख रही है। जिसमें अंगद जाता दिख रहा है। पुलिस ने उस कार के मालिक को नंबर से ट्रेस कर लिया है। उसे लेने जा रही है। रोती हुई गुरप्रीत ने जैसे ही ये बात सुनी वो घबरा गई और वहीं मौके पर बेहोश होकर गिर पड़ी। गुरप्रीत को लगा कि अब उसका सच सबके सामने आ जाएगा। क्योंकि पुलिस अर्पित को अरेस्ट कर लेगी, इसलिए उसने अर्पित से अपनी बातचीत, कॉलडिटेल सब डिलीट कर दिए।

लेकिन टेक्निकल टीम ने सारे मैसेज रिकवर कर लिए। जिससे ये साफ हो गया कि गुरप्रीत भी अंगद की हत्या में शामिल है। वो पुलिस को गुमराह कर रही थी।

# ट्रांसपोर्टर की गोली मारकर हत्या

**पड़ोसियों पर लगा आरोप, पुलिस कर रही जांच**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र की रॉयल सिटी गांव अच्छेजा छपरौला में रात एक ट्रांसपोर्टर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान कायमगंज, फरुर्खाबाद निवासी जीवन किशोर (50) पुत्र रामदास के रूप में हुई है। वह वर्तमान में रॉयल सिटी में रहते थे और ट्रांसपोर्टर का काम करते थे। पुलिस को रात जीवन किशोर को गोली लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। हालांकि, चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में मृतक के पड़ोसी विशाल कश्यप और उसके साथी विक्की का नाम सामने आया है। पुलिस दोनों आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं और उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है एडिशनल डीसीपी स्वतंत्र सिंह ने बताया कि मृतक के शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# ग्रिल फांदकर मंदिर में घुसे चोर

## दानपात्र नहीं टूटा तो तांबे का नागदेव, कलश और घंटा उठा ले गए

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, तड़के सिक्का कार्मिक ग्रीन्स सोसाइटी के मंदिर में चोरी हो गई। 2 चोर पीछे की तरफ से ग्रिल फांदकर अंदर घुसे। इसके बाद उन्होंने मंदिर में रखे दानपात्र का ताला तोड़ने की कोशिश की, लेकिन ताला नहीं खुला। फिर दोनों ने अलमारी खोली और शिवलिंग पर रखा तांबे का नागदेव और घंटा लेकर फरार हो गए। सुबह जब पुजारी मंदिर पहुंचे तो सामान बिखरा पड़ा मिला। उन्होंने इसकी जानकारी सोसाइटी के लोगों को दी। सूचना मिलते ही लोग मौके पर पहुंच गए और डायल-112 पर पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मंदिर की उउळश फुटेज खंगाली और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घटना सेक्टर-78 की है। फुटेज में देखा जा सकता है कि रात करीब 2:31 बजे 2 युवक मंदिर के पीछे बाहर लगे नल के पास आकर खड़े हो जाते हैं। कुछ देर तक दोनों इधर-उधर देखते हैं और फिर ग्रिल फांदकर परिसर के अंदर पहुंच जाते हैं। इसके बाद गेट



खोलकर मंदिर में दाखिल होते हैं। सबसे पहले दोनों दानपात्र का ताला तोड़ने की कोशिश करते हैं, लेकिन काफी मशक्कत के बाद भी वह नहीं खुलता। दोनों मंदिर में रखी अलमारी का ताला तोड़ देते हैं और उसमें रखा सामान बाहर निकालकर खंगालते हैं। फुटेज में दोनों युवक मंदिर में स्थापित देवी-देवताओं की मूर्तियों के पास रखा सामान भी निकालते दिख रहे हैं। इसके बाद वे शिवलिंग पर रखा तांबे का नागदेव, ऊपर लगा घंटा, बड़ा दीपक, अखंड ज्योत का दीपक, तांबे के छोटे-बड़े लोटे और पीतल के कई दीपक लेकर फरार हो जाते हैं।

# किशोर को 2 महीने जेल में रखा

## एएचआरसी ने लिया संज्ञान, यूपी डीजीपी और डीजी जेल से मांगी रिपोर्ट

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, ग्रेटर नोएडा में श्रमिक आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किए गए 16 साल के किशोर को दो महीने से अधिक समय तक जेल में रखने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे मानवाधिकारों के संभावित उल्लंघन का गंभीर मामला माना है। आयोग ने उत्तर प्रदेश के डीजीपी और डीजी जेल को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।इसके साथ ही आयोग ने अपने महानिदेशक को जांच टीम गठित कर एक सप्ताह के भीतर तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने



के निर्देश दिए हैं।मामला 14 अप्रैल का है। श्रमिक आंदोलन के दौरान हुई हिंसा के आरोप में फेज-2 थाना पुलिस ने एक किशोर को गिरफ्तार किया था। पुलिस रिकॉर्ड में उसकी उम्र बालिग दर्ज कर उसे कासना स्थित लुक्सर जेल भेज दिया गया। वहां वह करीब दो महीने तक वयस्क बंदियों के साथ रहा। मामले का खुलासा तब हुआ जब एक पेशी के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता माणिक गुप्ता की नजर किशोर पर पड़ी। उन्होंने बताया कि किशोर को हथकड़ी में देखकर बातचीत की गई, जिसमें उसने खुद को नाबालिग बताया।आधार कार्ड ने खोली पूरी कहानीअधिवक्ता ने किशोर के आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज जुटाकर अदालत में प्रस्तुत किए। दस्तावेजों से उसकी उम्र 16 वर्ष साबित हुई। इसके बाद अदालत ने 8 जून को आदेश जारी कर किशोर को वयस्क जेल से हटाकर बाल सुधार गृह भेजने का निर्देश दिया। गरीबी बनी जमानत में बाधाजांच में सामने आया कि किशोर भंगेल क्षेत्र का रहने वाला है और एक परचून की दुकान पर काम करता है।

# गरौठा तहसील क्षेत्र के गांव-गांव में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## योग से निरोग रहने का दिया संदेश

**अमन लेखनी समाचार**



गरौठा (झांसी)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कस्बा गरौठा सहित तहसील क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में सामूहिक योग शिविरों का आयोजन किया गया। योग गुरुओं ने लोगों को नियमित योग अपनाकर निरोग रहने के उपाय बताए तथा योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कस्बा गरौठा स्थित अखंडानंद जनता इंटर कॉलेज में नगर पंचायत द्वारा योग शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार मिश्रा, तहसीलदार अमृतलाल, नायब तहसीलदार राधा पालीवाल, प्रधानाचार्य राममिलन त्रिपाठी, डॉ. अखिलेश कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ग्राम कचीर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक अरविंद्र कुमार गुप्ता के निर्देशन में योगाभ्यास कराया गया, जिसमें विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामीणों ने सहभागिता की। ग्राम अस्ता के पंचायत भवन में आयोजित योग शिविर में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्याम सिंह, सचिव शिवप्रताप सिंह, तकनीकी सहायक विष्णु सहाय निरंजन, विजय विक्रम सिंह, अजय विक्रम सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। ग्राम वीरपुरा के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि वरुणकांत त्रिपाठी, प्राचार्य आशीष कौशिक, सीएचओ गगन प्रकाश, शिक्षक राजेश कुमार, गिरजानंदन, बृजेंद्र, पाल सर, आशा सायरा, नेहा, पंचायत सहायक धर्मेश, अरविंद, राज पटेल, बबलू खान, संजय यादव, हरदयाल, गुलाब खां, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता साधना, श्याम सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत ककरवई के अंबेडकर पार्क में ग्राम प्रधान राजेंद्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में योग शिविर आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ग्राम नागर के डॉ. भीमराव अंबेडकर खेल मैदान में भारतीय योग संस्थान की टीम के मार्गदर्शन में योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर संस्थान के झांसी प्रांतीय सदस्य विपिन कुमार अग्रवाल, क्षेत्रीय प्रधान गिरीश चंद, भवर सिंह एवं उनकी टीम के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम प्रधान अनुज कुमार द्विवेदी द्वारा कराया गया। ग्राम गुढ़ा के पंचायत भवन परिसर में प्रशिक्षक सोनू पाठक के निर्देशन में सामूहिक योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान चंद्रभान परमार, ग्राम सचिव देवेंद्र कुमार, डॉ. गगन प्रकाश, शिक्षक सुधीर मोदी, अजय परिहार, रोजगार सेवक राजेश कुमार, पंचायत सहायक हरि आर्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता की। इस अवसर पर सभी स्थानों पर वक्ताओं ने नियमित योग को स्वस्थ जीवन की आधारशिला बताते हुए प्रत्येक नागरिक से इसे दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया।

# विकास हेतु नेटवर्क, पर्यटन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश

**आकांक्षी जनपद एवं सांसद निधि से संचालित कार्यों की केंद्रीय मंत्री ने की समीक्षा।**

**मेडिकल कॉलेज में संसाधनों एवं मानव संसाधन की कमी दूर करने पर दिया जोर।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी जी ने आज सर्किट हाउस सभागार में आकांक्षी जनपद कार्यक्रम एवं सांसद निधि से संचालित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए अधिकारियों को विकास कार्यों में और अधिक गति एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में मंत्री जी ने कहा कि जनपद सोनभद्र के जिन क्षेत्रों में मोबाइल एवं इंटरनेट नेटवर्क की समस्या बनी हुई है, वहां की स्थिति का विस्तृत आकलन कर कार्य योजना तैयार की जाए तथा उसे उच्च स्तर पर प्रेषित किया जाए, ताकि नेटवर्क कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में बेहतर संचार व्यवस्था विकास की आधार शिला है और दूरस्थ क्षेत्रों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। बैठक के दौरान उन्होने कहा कि लगभग 8 वर्ष पूर्व, जब मैं उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सांसद के रूप में आकांक्षी जनपद सोनभद्र से जुड़ा, तभी से यहां की जनता के साथ मेरा एक विशेष और आत्मीय रिश्ता बन गया। सोनभद्र के लोगों ने मुझे जिस स्नेह, विश्वास और अपनत्व से स्वीकार किया, वह संबंध समय के साथ और भी प्रगाढ़ होता गया है। भारत की ऊर्जा राजधानी के रूप में प्रसिद्ध सोनभद्र कोयला, चूना पत्थर, बॉक्साइट तथा अन्य खनिज संपदाओं से समृद्ध है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के संगम पर स्थित यह जनपद एक महत्वपूर्ण आर्थिक केंद्र है। फिर भी अपार प्राकृतिक संसाधनों के बावजूद यह लंबे समय तक विकास संबंधी अनेक चुनौतियों से जूझता रहा। इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2018 में नीति आयोग ने सोनभद्र को देश के 112 आकांक्षी जनपदों में शामिल किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने जनपद की विकास यात्रा को नई दिशा और गति प्रदान की। सोनभद्र कभी देश के सबसे पिछड़े जिलों में गिना जाता था, वही जुलाई 2020 में नीति आयोग की डेल्टा रैंकिंग में देश का नंबर-1 आकांक्षी जनपद बना।

## खास समाचार

# अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा तहसील में 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' पर सुनी गई जन समस्याएं

**शिकायतों के निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को दिए गए निर्देश।**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। आज दिनांक 20.06.2026 को ₹सम्पूर्ण समाधान दिवस₹ के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार द्वारा तहसील ओबरा में जन शिकायतों को सुना गया। इस दौरान उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विशेष रूप से भूमि संबंधी प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, जिससे फरियादियों को अनावश्यक रूप से इधर-उधर न भटकना पड़े तथा मामलों का त्वरित एवं न्यायोचित निस्तारण हो सके। इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल अंतर्गत संबंधित तहसीलों में ₹सम्पूर्ण समाधान दिवस₹ के अवसर पर जन समस्याओं को सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

# BNSS से सम्बंधित 04 अभियुक्तों को परसा मलिक पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

महराजगंज जनपद में पुलिस अधीक्षक महराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में अपराध नियंत्रण एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक महराजगंज सिद्धार्थ के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नौतनवा बसंत सिंह के मार्गदर्शन में थाना परसामलिक पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए दिनांक 20.06.2026 को संभावित शांति भंग की आशंका के दृष्टिगत 04 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा 170/126/135 इठरर के अंतर्गत निरोधात्मक कार्यवाही की गई तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया

# थाना जिगना पुलिस द्वारा 01 किलो 205 ग्राम अवैध गांजा के साथ 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

मीरजापुर । अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं ।उक्त निर्देश के अनुक्रम में दिनांकः 19.06.2026 को उप-निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के सूचना के आधार पर थाना जिगना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पाली बार्डर के पास से 01 अभियुक्त चन्द्रकान्त पुत्र शोभनाथ निवासी ग्राम मोनाई थाना माण्डा जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तार अभियुक्त के पास से 01 किलो 205 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया ।उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जिगना पर मु0अ0सं0-149/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया ।गिरफ्तार अभियुक्त चन्द्रकान्त उपरोक्त मु0अ0सं0- 85/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में वांछित था ।

# हथवानी मोड़ पर भीषण सड़क हादसा: डीजल टैंकर और कोयला लदे ट्रेलर की टक्कर में चालक की मौत

**अमन लेखनी समाचार**



डाला सोनभद्र। हाथीनाला थाना क्षेत्र के हथवानी मोड़ के समीप शनिवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में डीजल लदे टैंकर के चालक की मौत हो गई। वाराणसी-शक्तिनगर राज्य मार्ग पर हुए इस हादसे में कोयला लदे ट्रेलर और डीजल टैंकर के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई, जिससे टैंकर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह लगभग 10:15 बजे हाथीनाला थाना क्षेत्र अंतर्गत हथवानी के पास वाराणसी- शक्तिनगर राज्य मार्ग पर हाथीनाला की ओर से आ रहा डीजल लदा टैंकर दुर्घटना का शिकार हो गया। बताया जा रहा है कि सामने से आ रहे कोयला लदे ट्रेलर ने ओवरटेक करने के प्रयास में नियंत्रण खो दिया और टैंकर से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि टैंकर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में घायल चालक की पहचान राजू यादव (34 वर्ष) पुत्र हृदय यादव निवासी आर-16, इंदिरा नगर, हाजी बुंदर रोड, सेवड़ी (पूर्व), मुंबई के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने तत्काल इसकी सूचना हाथीनाला पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उदयभान राव पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और एसीपी टोलवे के एंबुलेंस की सहायता से घायल चालक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन भेजवाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण चालक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं हादसे में कोयला लदे ट्रेलर का चालक सुरक्षित बताया जा रहा है। दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। बाद में पुलिस ने क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटवाया और आवागमन को सुचारु रूप से बहाल कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है।

# सोनभद्र अब पिछड़ेपन से निकलकर मॉडल जनपद बनने की ओर अग्रसर - हरदीप सिंह पुरी

**केंद्रीय मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को एंबुलेंस और ब्लड डोनेट बस समर्पित कर जनसेवा को दी नई गति**

**विकास प्रदर्शनी में छात्रों के नवाचार और 3-डी प्रिन्टिग रोबोर्टिक्स आई0ओ0टी0, ए0आई0 टूल्स एवं शिक्षा मॉडल से प्रभावित हुए केंद्रीय मंत्री।**

**विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को वितरित किए प्रमाण-पत्र एवं साइकिलें।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। देश के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी जी का आज जनपद सोनभद्र में आगमन हुआ। जनपद आगमन के दौरान मंत्री जी ने स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराई गई एंबुलेंस और ब्लड डोनेट बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम बताया। इसके उपरांत मंत्री जी पंचायत रिसोर्स सेंटर में आयोजित ''सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष'' विषयक विकास प्रदर्शनी में पहुंचे। प्रदर्शनी परिसर में उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद रेशम विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण करते हुए रेशम उत्पादन की प्रक्रिया एवं उससे जुड़े रोजगार के अवसरों की जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी के दौरान माध्यमिक शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित 3-डी प्रिन्टिग रोबोर्टिक्स आई0ओ0टी0, ए0आई0 टूल्स पर हाथ से काम करने और रहने की पैक्टिकल जगह बनाते हुए इस सम्बन्ध में छात्र/छात्राओं ने जानकारी दी, इस दौरान मंत्री जी ने शिक्षा मॉडल एवं आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षण व्यवस्था का अवलोकन किया। विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर उन्होंने शिक्षा में तकनीक के उपयोग के संबंध में जानकारी ली। जनपद सोनभद्र जैसे क्षेत्र में विद्यार्थियों की तकनीकी दक्षता एवं जागरूकता को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसकी सराहना की। वहीं बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नवाचारों, वैज्ञानिक सोच एवं तकनीकी शिक्षा से जुड़े प्रयासों की भी उन्होंने प्रशंसा की। इस अवसर पर मंत्री जी ने अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को साइकिल वितरित की। साइकिल प्राप्त कर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। साथ ही उन्होंने विभिन्न विभागों की योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं स्वीकृति पत्र भी वितरित किए। प्रदर्शनी स्थल पर प्रधानमंत्री जी के चित्र के साथ सेल्फी लेकर उन्होंने विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

# आयुक्त ने सीएम डैशबोर्ड एवं जनशिकायतों की समीक्षा कर दिए निर्देश

**निर्माण कार्यों, जल जीवन मिशन और राजस्व प्रगति पर विशेष जोर**

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों का भी लिया जायजा।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र । विंध्याचल मंडल मीरजापुर के आयुक्त राजेश प्रकाश ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के फ्लैगशिप कार्यक्रमों एवं जनसुनवाई शिकायतों की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने निमार्णाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने एडीएम (नमामि गंगे) को 15 गांवों का स्थलीय निरीक्षण कर विस्तृत आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनशिकायतों के प्रभावी निस्तारण हेतु प्रतिदिन प्रातः 10 से 12 बजे तक नियमित जनसुनवाई सुनिश्चित करने को कहा। विकास कार्यों एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की समीक्षा में उपायुक्त उद्योग को कम ऋण वितरण करने वाले बैंक प्रबंधकों के साथ जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर प्रभावी अनुश्रवण करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए आयुक्त ने एडीएम (राजस्व) को सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग सुधारने तथा प्रतिदिन सायंकाल सभी उपजिलाधिकारियों एवं राजस्व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करने के निर्देश दिए। बैठक में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

# रेलवे का सख्त एक्शन: बिना टिकट यात्रा पर अब न्यूनतम 500 जुमार्ना, आज से लागू हुए नए नियम

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र । भारतीय रेलवे ने बिना टिकट यात्रा करने वाले और रेलवे परिसर में नियमों का उल्लंघन करने वाले यात्रियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। रेलवे बोर्ड के पत्र क्रमांक 2026/ळक्ष्-श/36/1 के तहत खल्ल श्र्ँ६२ अू३, 2026 के अनुसार रेलवे अधिनियम, 1989 की विभिन्न धाराओं में संशोधन किए गए हैं। नए प्रावधान 20 जून 2026 से पूरे देश में लागू कर दिए गए हैं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और रेलवे परिसरों में अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से जुमार्ने की राशि में वृद्धि की गई है। साथ ही बिना टिकट यात्रा, अवैध रूप से रेलवे परिसर में प्रवेश, धूम्रपान, भीख मांगने, फेरी लगाने और महिला कोच में अनधिकृत प्रवेश जैसे मामलों में अब पहले से अधिक कठोर कार्रवाई की जाएगी। नए नियमों के तहत रेलवे अधिनियम की धारा 137 के अंतर्गत बिना टिकट या अनुचित टिकट के साथ यात्रा करने पर अब यात्रियों से न्यूनतम 500 अतिरिक्त शुल्क (एझ्रू२२ उँश्ी) वसूला जाएगा। रेलवे का मानना है कि इस कदम से बिना टिकट यात्रा करने वालों पर प्रभावी अंकुश लगेगा और राजस्व हानि में कमी आएगी।

### ट्रांसफर टिकट और अनधिकृत यात्रा पर भी कार्रवाई

धारा 142 के तहत किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर जारी टिकट या ट्रांसफर टिकट पर यात्रा करते पाए जाने पर टिकट जब्त कर लिया जाएगा तथा न्यूनतम 500 का जुमार्ना लगाया जाएगा।

### भीख मांगने और फेरी लगाने वालों पर सख्ती

रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में भीख मांगने या अनधिकृत रूप से फेरी लगाने वालों के खिलाफ धारा 144 के तहत अब 2,000 का जुमार्ना लगाया जाएगा। रेलवे प्रशासन का कहना है कि इससे यात्रियों को असुविधा से राहत मिलेगी और स्टेशन परिसर अधिक व्यवस्थित बनेंगे।

### नशा, उपद्रव और गाली-गलौज पर बढ़ी सजा

धारा 145 के अंतर्गत रेलवे परिसर या ट्रेन में नशे की हालत में हंगामा करने, उपद्रव मचाने, थूकने या अभद्र भाषा का प्रयोग करने पर 1,000 का जुमार्ना लगाया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति दोबारा ऐसा करता है तो उस पर 5,000 तक का जुमार्ना या कारावास भी हो सकता है।

### अनधिकृत प्रवेश और धूम्रपान पर भी जुमार्ना

रेलवे के यात्री क्षेत्रों में बिना अनुमति प्रवेश करने पर धारा 147 के तहत 500 का जुमार्ना निर्धारित किया गया है। वहीं ट्रेन या स्टेशन परिसर में धूम्रपान करने वालों के खिलाफ धारा 155 के तहत 2,000 का जुमार्ना लगाया जाएगा।

### महिला कोच में अनधिकृत प्रवेश पर 2,500 जुमार्ना

महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने महिला कोच या आरक्षित सीटों पर अनधिकृत रूप से यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ सख्ती बढ़ा दी है। धारा 162 के तहत ऐसे मामलों में अब 2,500 का जुमार्ना लगाया जाएगा।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

# मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैलेंज प्रतियोगिता में मिजार्पुर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**अमन लेखनी समाचार**




लखनऊ के चौक स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैलेंज प्रतियोगिता में जनपद मिजार्पुर के 10 खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में 4 बालिकाएं और 6 बालक शामिल थे। सभी खिलाड़ी डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल से चयनित हुए थे। प्रतियोगिता में आयुष सिंह, माही सोनी, आयुषी सेठ, भूमि गुप्ता, हरीश अंसारी ,शौर्य सिंह ,रुद्र प्रताप सिंह अगम कुमार ,अनुज कुमार यादव तन्मय गौतम ,रुद्र प्रताप सिंह ने कोच राकेश कुमार के नेतृत्व में बेहतरीन प्रदर्शन कर पदक हासिल किए। इन्हें 6 गोल्ड, 3 सिल्वर व 2 ब्रांच मेडल मिला। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक श्री अमरदीप सिंह व श्रीमती अपराजिता सिंह, एकेडमिक हेड, प्रधानाचार्य तथा शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। खिलाड़ियों की सफलता से विद्यालय और जिले में हर्ष का माहौल है।



# धनुष की फिल्म 'ओम' से उठा पर्दा, अक्टूबर में होगी रिलीज

मुंबई। धनुष की जिस तमिल फिल्म 'ओम' का लंबे समय से इंतजार हो रहा था, उसकी रिलीज डेट सामने आ गई है। यह फिल्म 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। राजकुमार पेरियासामी इसे निर्देशित कर रहे हैं। फिल्म का लगभग 60 से 65 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसकी कहानी को कई अध्यायों में परत-दर-परत बताया जाएगा। 'ओम' नाम सिर्फ सुनने में ही अच्छा नहीं है, बल्कि यह कहानी से गहराई से जुड़ा है। यह फिल्म असल जिंदगी की घटनाओं से प्रेरणा लेती है। मलयालम के मशहूर अभिनेता मामूटी फिल्म में कार्तिकयन का किरदार निभा रहे हैं। उनका यह किरदार भी असल जिंदगी की घटनाओं से प्रेरित है।

## लाइफ Style

# कियारा
## प्रेग्नेंसी में 'देवी' और बाद में मोटी

बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी इन दिनों फिल्म 'टॉक्सिक' से चर्चा में है। एक्ट्रेस ने मदरहुड के लेकर अपने अनुभव शेयर किए हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान महिलाओं को कई भावनात्मक और शारीरिक बदलावों से गुजरना पड़ता है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

कियारा ने प्रेग्नेंसी के बाद आने वाली चुनौतियों, समाज की अपेक्षाओं और जीवन के प्रति बदले नजरिए पर भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि मातृत्व ने उनकी सोच और जीवन को नए तरीके से देखने का नजरिया दिया है।

बता दें कि कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने 15 जुलाई, 2025 को अपनी बेटी साराया का स्वागत किया था। एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'सबसे दिलचस्प बात यह है कि जब आप गर्भवती होती हैं, तो हर कोई कहता है, 'हे भगवान, आप कितनी खूबसूरत लग रही हैं, ये सब।' और जैसे ही बच्चा पैदा होता है, यह बदल जाता है, 'अभी मोटी लग रही हैं, थोड़ी ये लग रही हैं, थोड़ी वो लग रही हैं।

**देवी की तरह समझते हैं :** अभिनेत्री ने बताया, 'प्रेग्नेंसी के दौरान, आपको देवी की तरह समझा जाता है और बच्चे के जन्म के तुरंत बाद आपसे उम्मीद की जाती है कि आप पहले जैसी चुस्त-दुरुस्त और अपने जीवन में वापस लौट आएं लेकिन महिला के लिए सबसे मुश्किल समय प्रसव के बाद का होता है। यही वह समय है जब उसे सहारे की जरूरत होती है।




## हॉलीवुड मसाला



# एनोला होम्स... ओटीटी पर 1 जुलाई को

लॉस एंजिल्स। 'एनोला होम्स' अपने तीसरे सीजन के साथ लौट रही है। यह सीरीज 1 जुलाई, 2026 से सिर्फ नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। मिली बॉबी ब्राउन एक बार फिर चालाक युवा जासूस की भूमिका में दिखेंगी, जो और भी बड़े रहस्यों को सुलझाती और रोमांचक कारनामों में उलझती नजर आएंगी। इस बार कहानी में मोड़ तब आता है, जब एनोला लॉर्ड ट्यूक्सबरी (लुई पार्ट्रिज) के साथ अपनी शादी की तैयारी कर रही होती है। तभी उसके भाई शरलॉक (हेनरी कैविल) का अपहरण हो जाता है। शरलॉक को बचाने की अपनी कोशिशों में एनोला को एक बड़े राष्ट्रीय षड्यंत्र का पता चलता है।





# दायरा में पुलिस बनेंगे पृथ्वीराज- करीना

मुंबई। मेघन गुलज़ार ने अपने निर्देशन में बन रही फिल्म 'दायरा' का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म में करीना कपूर और मलयालम सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन पहली बार एक साथ नजर आएंगे। सच्ची घटनाओं से प्रेरित इस रोमांचक थ्रिलर की कहानी मेघना, यश केसवानी और सीमा अग्रवाल ने मिलकर लिखी है। निर्माताओं ने फिल्म के सेट से एक बीटीएस वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है। साथ में इसकी रिलीज तारीख का खुलासा भी कर दिया है। यह 18 सितंबर, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। बीटीएस वीडियो के साथ आई रिलीज तारीख जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियोज द्वारा निर्मित 'दायरा' में, करीना और पृथ्वीराज पहली बार पुलिस अधिकारी के किरदारों में नज़र आएंगे।




# फिल्म बांदर ने जीता ऑस्ट्रेलिया का दिल

मुंबई। बॉबी देओल की थ्रिलर फिल्म 'बांदर', जो 5 जून को रिलीज हुई और फिलहाल सिनेमाघरों में दर्शकों का दिल जीत रही है, इस साल मेलबर्न में नेशनल इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ ऑस्ट्रेलिया का समापन करेगी। अनुराग कश्यप निर्देशित इस फिल्म को रिलीज के बाद से ही इसकी अनूठी कहानी और दमदार अभिनय के लिए खूब सराहा जा रहा है। यही वजह है कि नीफा के ऑस्ट्रेलिया भर के बड़े दौरे के लिए इसे समापन फिल्म के तौर पर चुना गया है। इस साल यह फेस्टिवल ऑस्ट्रेलिया के 9 शहरों में आयोजित किया गया, जहां नई और चर्चित फिल्मों के साथ-साथ 'मंथन' जैसी क्लासिक फिल्मों को भी 4के क्वालिटी में पेश किया गया। बॉबी के अलावा, 'बांदर' में सान्या मल्होत्रा और राज बी शेट्टी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

# जेसन मोमोआ ने की विद्युत जामवाल की जमकर तारीफ

लॉस एंजिल्स। जेसन मोमोआ ने अपनी आने वाली फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' के सह-कलाकार विद्युत जामवाल की खूब तारीफ की है। जेसन ने विद्युत को सबसे खूबसूरत दिखने वाले पुरुषों में से एक बताया है। खास बात यह है कि यह फिल्म विद्युत के हॉलीवुड करियर की शुरुआत है। जेसन ने सिर्फ उनकी खूबसूरती ही नहीं सराही, बल्कि उनके मार्शल आर्ट्स के हुनर को भी 'अविश्वसनीय' बताया है। इससे पता चलता है कि सेट पर दोनों कलाकारों के बीच काफी सम्मान है। किताओ सकुराई के निर्देशन में बनी 'स्ट्रीट फाइटर' में विद्युत के साथ नोआ सेंटिनियो, एंड्रयू कोजी और रोमन रेंस भी दिखेंगे। यह फिल्म 16 अक्टूबर, 2026 को दुनियाभर में रिलीज होगी। एक दिलचस्प बात यह है कि इस साल की शुरुआत में लास वेगास में हुए। सिनेमाकॉन में, विद्युत ने अपने सह-कलाकारों के साथ मिलकर ट्रेलर लॉन्च के दौरान गायत्री मंत्र का जाप किया था।

## टीवी मसाला



# शिल्पा शिंदे का 'टीवी माफिया' पर फूटा गुस्सा- रास्ते पर सब्जी बेच लूंगी


मुंबई। 'भाभी जी घर पर हैं' के निर्माता पर लगाए गए यौन शोषण के आरोपों को लेकर चर्चा में चल रहीं शिल्पा शिंदे ने अब अभिनेता शहजादा धामी के मामले पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। शहजादा के करीब 30 लाख रुपये के बकाया भुगतान न मिलने और शिकायत के बावजूद संबंधित निर्माता पर कोई कार्रवाई न होने की खबरों पर शिल्पा का गुस्सा फूटा है। टीवी 'माफिया' को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने इस पूरे सिस्टम पर गहरा आक्रोश जताया है।

***ये टीवी निर्माता माफियागिरी करते हैं :*** इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक वीडियो में शिल्पा ने कहा, टीवी जगत के निर्माता माफियागिरी करते हैं। टीवी इंडस्ट्री में एक 'व्हाइट कॉलर माफिया' काम कर रहा है। जो निर्माता इस सिस्टम का साथ नहीं देते या सहयोग नहीं करते, उन्हें भी धमकाया जाता है। उन्हें कथित तौर पर ये कहकर डराया जाता है कि अगर भविष्य में उनके साथ कुछ भी गलत हुआ तो कोई उनका साथ नहीं देगा और उनका काम या शो बंद करवा दिया जाएगा।

***ढोंग करने वालों पर भड़कीं शिल्पा :*** शिल्पा ने उन लोगों पर भी तीखा तंज कसा जो कलाकारों के जिंदा रहते तो उनका साथ नहीं देते, लेकिन उनके निधन के बाद शोक मनाने आ जाते हैं। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा, कलाकारों का साथ कौन देगा? आप किसी के मरने के बाद इंस्टाग्राम पर आकर रो रहे हो। आप लोग वही हो जो मोमबत्ती लेकर मरने के बाद आ जाते हो और बेमतलब की फुटेज खाते हो।

## रैपर सेंटी 'बिग बॉस 20' में ले सकते हैं हिस्सा

मुंबई। सलमान खान का रियलिटी शो 'बिग बॉस' एक बार फिर चर्चा में है।



पिछले दिनों कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया था कि इसका 20वां सीजन सितंबर, 2026 से दर्शकों के बीच लौट सकता है। इसके बाद से संभावित प्रतियोगियों के नामों पर अटकलें लगनी शुरू हो गई हैं कि घर में कौन-कौन आएगा। सबसे ज्यादा जिस नाम की चर्चा है, वो रैपर सेंटी शर्मा हैं। आइए जानते हैं कि वह कौन हैं, जो सलमान के शो में आ सकते हैं। सेंटी का असली नाम गणेश शर्मा है और वह मध्य प्रदेश के शहर रतलाम के रहने वाले हैं। पेशे से रैपर, गीतकार और गायक हैं, जिन्हें संगीत जगत में उभरने वाले शुरुआती हिप-हॉप कलाकारों में से एक माना जाता है। अपने गानों से उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस की बड़ी तादात बना रखी है। अक्षय कुमार की फिल्म 'हाउसफुल 5' के एंथम ट्रैक में रैपर ने अपनी आवाज देकर बॉलीवुड में डेब्यू किया और व्यापक लोकप्रियता हासिल की।

# कौन हैं संस्कृति जयना... जिन्होंने 'कृष्णावतरम' में निभाई सत्यभामा की भूमिका

मुंबई। फिल्म 'कृष्णावतारम पार्ट 1: द हार्ट' में संस्कृति जयना ने भगवान श्रीकृष्ण की पत्नी सत्यभामा की भूमिका अदा की है। इस फिल्म के बाद से वह चर्चा में आ गई हैं। हर कोई उनके बारे में जानना चाह रहा है। आपको बता दें कि उनका गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री से खास नाता है।

***संस्कृति की पारिवारिक पृष्ठभूमि :*** संस्कृति जयना गुजरात की पूर्व मुख्यमंत्री और उत्तर प्रदेश की वर्तमान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की पोती और बिजनेसमैन अनार पटेल की बेटी हैं, जो क्राफ्टरूट्स और ग्रामश्री के साथ अपने काम के लिए जानी जाती हैं। उनके पिता, जयेश पटेल, एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं।

***फैशन करियर में बनाई पहचान :*** फिल्म जगत में डेब्यू करने से पहले, संस्कृति ने फैशन मैनेजमेंट और व्यवसाय का अध्ययन किया और लंदन के राडा, ली स्ट्रासबर्ग थिएटर एंड फिल्म स्कूल, न्यूयॉर्क फिल्म अकादमी और लंदन कॉलेज ऑफ फैशन में अभिनय और नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने 16 सल की उम्र में अपना खुद का फैशन ब्रांड शुरू किया। बाद में उन्होंने कंसल्टिंग के क्षेत्र में कदम रखा और जिमी चू और बोटेगा वेनेटा जैसे ब्रांडों के साथ काम किया, साथ ही अपनी मां के सामाजिक उद्यमों, क्राफ्टरूट्स और ग्रामश्री के लिए मार्केटिंग का काम भी संभाला।

## गुजरात के पूर्व सीएम से है खास नाता



### सत्यभामा की भूमिका से जीता दिल

कृष्णावतारम भाग 1: हार्ट फिल्म में श्रीकृष्ण की कहानी सत्यभामा के दृष्टिकोण से बताई गई है, जिससे संस्कृति को सहायक भूमिका के बजाय फिल्म के केंद्र में रखा गया है. फिल्म में उनके चरित्र को बहुत ही बखूबी ढंग से दर्शाया गया है। बता दें कि रिलीज से पहले स्पेशल स्क्रीनिंग के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्यभामा के रूप में उनके अभिनय की प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने भारतीय संस्कृति और परंपरा की भावना का अच्छी तरह प्रतिनिधित्व किया है।

# 'वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' की 10 दिन और शूट करेंगे सिद्धार्थ- तमन्ना

मुंबई। सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' की शूटिंग अब 10 दिन और चलेगी। टीम ने जब फिल्म का अंतिम कट देखा, तो उन्हें महसूस हुआ कि कुछ खास पलों, खासकर क्लाइमैक्स में और अधिक जान डालने की जरूरत है। उनका मानना है कि ऐसा करने से फिल्म सिनेमाघरों में दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ पाएगी। अच्छी बात यह है कि फिल्म अपनी तय रिलीज 28 अगस्त को ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी, इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।



***निर्देशक 'वन' की दुनिया को दे रहे हैं नया विस्तार :*** दीपक कुमार मिश्रा और अरुणभ कुमार के निर्देशन में बनी फिल्म 'वन' पौराणिक कथाओं, रहस्य और जंगल से जुड़ी लोककथाओं का मिश्रण है, जिसे एक थ्रिलर के रूप में पेश किया गया है। फिल्म निर्माता एक ऐसी समृद्ध दुनिया तैयार करना चाहते हैं, जिसमें माहौल से जुड़े बारीक विवरण हों और स्थानीय कहानियों की परंपरा भी झलकती हो। शूटिंग का समय बढ़ाने का यह फैसला दर्शाता है कि वे चाहते हैं कि फिल्म का क्लाइमैक्स दर्शकों के दिलो-दिमाग पर अपनी छाप छोड़े।

# ओटीटी पर एंटरटेनमेंट का जबरदस्त डोज, 'दृश्यम 3' से लेकर 'सेव द टाइगर्स 3' तक रिलीज हो रही ये फिल्में...

*मुंबई। अगर आप इस हफ्ते अपने वीकेंड को मजेदार बनाना चाहते है तो बता दें कि इस बीच ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर आपको एंटरटेनमेंट का जबरदस्त डोज देखने को मिलने वाला है क्योंकि सस्पेंस, एक्शन, कॉमेडी और ड्रामा से भरपूर इस हफ्ते कई नई फिल्में और वेब सीरीज अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज हो रही हैं। कौन-कौन सी है वो फिल्में और वेब सीरीज चलिए है।*



### 'दृश्यम 3'

इस हफ्ते सबसे ज्यादा चर्चा मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल मच वाइटेड फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर है। यह फिल्म 18 जून से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो चुकी है। निर्देशक जीतू जोसेफ की इस थ्रिलर में जॉर्जकुट्टी की कहानी को आगे बढ़ाया गया है, जो अपने अतीत के फैसलों और उनके मानसिक प्रभावों से जूझता नजर आता है। फिल्म में मीना, अंसीबा हसन, एस्थर अनिल और आशा शरथ भी अहम भूमिकाओं में दिखाई दे रही हैं।

### 'अथिराडी'

वहीं मलयालम सिनेमा के फैंस के लिए फिल्म 'अथिराडी' ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज होने वाली है, जो 19 जून से सोनी लिव पर उपलब्ध हो गई है। यह एक्शन-कॉमेडी ड्रामा कॉलेज लाइफ और यंग जनरेशन के बीच जोश की कहानी को दर्शाती है। बता दें, फिल्म में बेसिल जोसेफ, रिया शिबू और टोविनो थॉमस मुख्य भूमिकाओं में हैं।

### 'द एजेंसी' सीजन 2'

*इसके साथ ही जासूसी और थ्रिलर कंटेंट पसंद करने वालों के लिए 'द एजेंसी' का दूसरा सीजन भी तैयार है। माइकल फासबेंडर और जेफरी राइट जैसे सितारों से सजी यह सीरीज 21 जून से पैरामाउंट+ पर स्ट्रीम होगी। खास बात है कि इसके पहले सीजन को दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया था।*

### 'सेव द टाइगर्स'

*तेलुगु कॉमेडी-ड्रामा 'सेव द टाइगर्स' का तीसरा सीजन भी 19 जून से जियोहॉटस्टार पर रिलीज हो गई है। पारिवारिक रिश्तों और हास्य से भरपूर यह शो पहले दो सीजन की सफलता के बाद वापसी कर रहा है*

### 'शुगर' सीजन 2

*इसके अलावा रहस्य और सस्पेंस से भरपूर 'शुगर' का भी दूसरा सीजन 19 जून को एप्पल टीवी+ पर रिलीज चुका है। प्राइवेट जासूस जॉन शुगर की कहानी को आगे बढ़ाने वाली इस सीरीज में कॉलिन फैरेल मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। कुल मिलाकर ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर हर जेनर के दर्शकों के लिए कुछ न कुछ खास होने वाला है।*

# समय रैना का धमाका
## नेटफ्लिक्स पर हुई 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' की एंट्री; प्रोमो वायरल

मुंबई। कॉमेडियन समय रैना के रियलिटी शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के फैंस के लिए एक खुशखबरी है। यूट्यूब के बाद अब ये शो अपने सीजन 2 के साथ सीधे दुनिया के सबसे बड़े ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है। दूसरे सीजन का पहला प्रोमो रिलीज हो गया है। समय के इस शो ने इंटरनेट पर जबरदस्त सनसनी मचाई थी और अब नेटफ्लिक्स पर इसकी एंट्री के ऐलान ने फैंस का उत्साह दोगुना कर दिया है।



***नहीं बदलेगा शो का अंदाज :*** कॉमेडियन समय रैना ने घोषणा की है कि उनका शो 'इंडिया गॉट लेटेंट' का दूसरा सीजन नेटफ्लिक्स और यूट्यूब, दोनों प्लेटफॉर्म्स पर एक साथ रिलीज होगा। उन्होंने फैंस को भरोसा दिलाया कि शो का कंटेंट पहले की तरह बिना किसी कांट-छांट के बेबाक रहेगा। समय ने शो के प्रोमो में बताया कि नेटफ्लिक्स पर सिर्फ 2 फर्क दिखेंगे। पहला वहां विज्ञापन नहीं होंगे और दूसरा उधर कमेंट सेक्शन मिलेगा, जबकि यूट्यूब पर दर्शकों को पूरा अनुभव पहले की तरह मिलेगा।